www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

02 अप्रैल 2026
हरदा, गुरुवार
वर्ष-15, अंक - 294, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
चैत्र शुक्ल पक्ष - 15
विक्रम संवत् 2082

## कंबाइन हार्वेस्टरों को मिलेगी टोल से छूट

### इंदौर-उज्जैन तथा उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग निर्माण को मिला अनुमोदन



**अनोखा तीर, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। किसान कल्याण वर्ष 2026 में 'समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश' के विचार को सार्थक करते हुए किसान हित में अनेक निर्णय लिए

### पश्चिम भोपाल बायपास का परिवर्तित एलाइनमेंट अनुमोदित

जा रहे हैं। अब कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग किये जाने वाले कंबाइन हार्वेस्टरों को मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के टोल प्लाजा पर शुल्क संग्रहण से छूट रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फसल कटाई में प्रयुक्त होने वाला कंबाइन हार्वेस्टर आवश्यक कृषि उपकरण है। टोल मार्गों पर टोल छूट दिए जाने से हार्वेस्टर की परिवहन लागत में कमी आएगी। जिसका सकारात्मक प्रभाव कृषि उपज के मूल्य पर होगा, यह निर्णय कृषकों के लिए हितकर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की बैठक में दिए।

समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित बैठक में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई संचालक मंडल की बैठक में इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड मार्ग और उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग के नॉन एक्सेस कंट्रोल परियोजना के रूप में निर्माण को अनुमोदन प्रदान किया गया।



'स्कूल चलें हम' मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2026 का किया शुभारंभ

सीएम यादव बोले- अभिभावकों और बच्चों का

## शासकीय स्कूलों के प्रति बढ़ा आकर्षण

- शासकीय विद्यालयों के नामांकन में 32.4 प्रतिशत की वृद्धि, सशक्त हो रहे भरोसे का परिचायक
- विकासखंड स्तर पर लगेंगे बुक फेयर, निजी स्कूलों के बच्चों को भी मिलेंगी सस्ती पुस्तकें
- राज्य सरकार विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए संकल्पित
- मुख्यमंत्री ने बच्चों को नि:शुल्क साइकिल और पुस्तकें की वितरित

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश के विकास के लिए राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कदम से कदम मिलाकर चल रही है। प्रदेश में 1 से 4 अप्रैल तक 'स्कूल चलें हम' अभियान चलेगा और बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय स्कूलों में ड्रॉप आउट की संख्या शून्य करने पर स्कूल शिक्षा विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों में कक्षा 1, 6 और 9 में प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, जिससे वर्ष 2025-26 में कुल नामांकन में 19.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में भी 32.4 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। यह शासकीय स्कूलों पर बढ़ते विश्वास का परिचायक है। राज्य सरकार ने मौजूदा सत्र में स्कूलों में 1 करोड़ 45 लाख नामांकन करने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 369 भव्य सांदीपनि विद्यालयों की शुरुआत की गई है, जो देश में सबसे अच्छे स्कूल हैं। मध्यप्रदेश के सांदीपनि विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। पीएमश्री स्कूल भी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में महती भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल में राज्य स्तरीय प्रवशोत्सव कार्यक्रम-2026 के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।



- **बच्चे पढ़-लिखकर बनें डॉक्टर, इंजीनियर और उद्यमी-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'स्कूल चले हम' अभियान बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। प्रदेश के सभी 55 जिलों के प्रत्येक गांव का एक-एक बच्चा स्कूल में प्रवेश ले रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। प्रदेश में बड़े पैमाने पर शासकीय स्कूलों के प्रति अभिभावकों और बच्चों का आकर्षण बढ़ा है।

### प्रदेश के स्कूलों में बच्चों की प्रवेश दर में हुई बढ़ोतरी

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आज का दिन स्कूल शिक्षा विभाग के लिए दिवाली जैसा है। हम सभी स्कूली बच्चों का विद्यालयों में स्वागत कर रहे हैं। प्रदेश के स्कूलों में बच्चों की प्रवेश दर में वृद्धि हुई है। अब तक 1 करोड़ बच्चों का नामांकन किया जा चुका है। पहली कक्षा से लेकर हाईस्कूल और हायर सेकेंड्री क्लास तक बच्चों का नामांकन किया जा रहा है। स्कूली विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिलें और पुस्तकें वितरित की जा रही हैं। सरकार का प्रयास है कि विकासखंड स्तर पर बुक फेयर लगाए जाएं, जहां शासकीय के साथ निजी स्कूलों के बच्चों को भी पाठ्यपुस्तक निगम की सस्ती पुस्तकों का लाभ मिल सके। राज्य सरकार सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था सशक्त हुई है। विद्यार्थियों के पास अपना भविष्य सुरक्षित करते हुए आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर है। कार्यक्रम में खेल एवं सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक श्री भगवान दास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, श्री रवींद्र यती, सचिव स्कूल शिक्षा श्री संजय गोयल, आयुक्त श्रीमती शिल्पा गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।

जमीनी विवाद ने लिया हिंसक रूप

## एक की मौत, 6 लोग घायल

**अनोखा तीर, हरदा।**



हरदा जिले के सिराली थाना क्षेत्र के दीपगांव कला में बुधवार सुबह जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक एकड़ जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में 65 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। घटना में दोनों पक्षों के कुल छह लोग घायल हुए हैं। मृतक की पहचान दीपगांव निवासी अमरसिंह पिता जयसिंह कलम के रूप में हुई है। घायलों में अमरसिंह के भाई सूरत सिंह, रामभरोस, आनंद सिंह, हरिसिंह, सतीश राजपूत और दूसरे पक्ष से नारायण राजपूत शामिल हैं। सभी घायलों को पहले सिराली के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। इनमें से तीन गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### जमीन को लेकर हुआ विवाद

एसपी शशांक ने बताया कि एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच एक एकड़ जमीन पर बखरनी कर कब्जा करने को लेकर विवाद हुआ था, जो बाद में मारपीट में बदल गया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के भाई आनंद सिंह राजपूत की शिकायत पर रूपसिंह पटेल, भागवत सिंह, कैलाश, दिनेश, नारायण, हरिओम और गोलू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### कुल्हाड़ी, दरांती और लाठी से हमला

आनंद सिंह राजपूत ने बताया कि आरोपी पक्ष के लोग उनके रिश्तेदार हैं। जमीन को लेकर मामला सिविल कोर्ट में विचाराधीन है। बुधवार सुबह आरोपी रूपसिंह सहित करीब 15 लोग जमीन पर कब्जा करने पहुंचे और बखरनी करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने कुल्हाड़ी, दरांती और लाठियों से हमला कर दिया, जिसमें अमरसिंह की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, यह जमीन उनके नाना घनश्याम पटेल से जुड़ी है। परिवार के बीच पहले से ही जमीन को लेकर विवाद चल रहा है और मामला कोर्ट में लंबित है। घटना की सूचना मिलते ही सिराली थाना प्रभारी सीताराम पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं, एएसपी अमित कुमार मिश्रा और प्रभारी एसडीओपी अरुणा सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मृतक अमरसिंह के शव का पोस्टमार्टम खिरकिया अस्पताल में कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह विवाद जमीन पर कब्जे को लेकर मामा और बुआ के परिवारों के बीच हुआ बताया जा रहा है। एएसपी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि ग्राम दीपगांव में दो पक्षों के बीच विवाद की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंचकर विवाद के कारणों की जांच कर रही है।

## कांग्रेस को झटका

- दतिया विधायक राजेंद्र भारती दोषी, 25 साल पुराने बैंक घोटाले में भेजे गए तिहाड़ जेल

**दतिया (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश की राजनीति में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के मामले में अदालत ने दोषी करार दिया है। करीब 25 साल पुराने बैंक घोटाले मामले में दिल्ली की विशेष एमपी/एमएलए कोर्ट ने सुनवाई करते हुए उन्हें दोषी मानते हुए तिहाड़ जेल भेज दिया है। सजा की अवधि का ऐलान कोर्ट कल करेगा। यह मामला जिला सहकारी कृषि ग्रामीण विकास बैंक, दतिया से जुड़ा है। आरोप है कि बैंक अध्यक्ष रहते हुए राजेंद्र भारती ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर और रिकॉर्ड में हेरफेर कर फिक्स्ड डिपॉजिट (स्रष्ठ) में गड़बड़ी की। उन्होंने नियमों के विरुद्ध जाकर 13.5 प्रतिशत की ऊंची ब्याज दर का अनुचित लाभ लिया और स्रष्ठ की अवधि को अवैध रूप से बढ़ाकर बैंक को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाया।

दूल्हे ने शादी की खुशी में नहीं पिलायी शराब

## पड़ोसियों ने नई नवेली दुल्हन समेत पूरे परिवार को पीटा

**ग्वालियर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले से एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने सामाजिक मर्यादाओं और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले के आरोन थाना इलाके के पटाई गांव में एक नई नवेली दुल्हन के ससुराल पहुंचते ही खुशियों का माहौल चीख-पुकार में बदल गया। वजह सिर्फ इतनी थी कि दूल्हे ने पड़ोसियों की मुफ्त शराब की मांग पूरी नहीं की।



**मुंह दिखाई के बीच पड़ोसियों का तांडव-** पटाई गांव के रहने वाले महेश की शादी 30 मार्च को हुई थी। 31 मार्च की शाम महेश अपनी दुल्हन की विदाई कराकर घर लौटा था। घर में मेहमान जुटे थे और नई बहू की मुंह दिखाई की रस्म चल रही थी। इसी बीच पड़ोस में रहने वाले मनोज और भीम अपने साथियों के साथ वहां आ धमके।

### दुल्हन और मेहमानों पर हमला

जब महेश ने शराब के लिए पैसे देने से साफ इनकार कर दिया, तो विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते मनोज और भीम ने अपने साथियों के साथ मिलकर दूल्हा महेश, नई नवेली दुल्हन और परिवार के अन्य सदस्यों पर हमला बोल दिया। अपने मेजबान को पिटता देख घर में मौजूद मेहमान भी आपा खो बैठे और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों पक्षों के बीच शराब के पैसों को लेकर विवाद हुआ था। घटना के समय दोनों तरफ से एक-एक व्यक्ति नशे की हालत में था।

रतलाम सीजीएसटी में सीबीआई रेड

## असिस्टेंट कमिश्नर 1.5 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार, विभाग में हड़कंप

**रतलाम (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सीजीएसटी रतलाम के सहायक आयुक्त को डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने एक फर्म पर जीएसटी से जुड़ी कार्रवाई न करने के एवज में रिश्वत की मांग की थी। जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश के रतलाम में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सीबीआई ने यहां के सीजीएसटी दफ्तर पर छापामार कार्रवाई करते हुए सहायक आयुक्त शंकर परमार को 1.5 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उनके साथ एक अन्य सुरेश मनसुखानी को भी सह आरोपी बनाया गया है। कार्रवाई के बाद जीएसटी दफ्तर में हड़कंप मच गया।



**फर्म पर कार्रवाई न करने के एवज में मांगी थी रिश्वत-** मामले में जो जानकारी दी गई है, उसके अनुसार सीबीआई भोपाल मुख्यालय को रतलाम जिले के एक फर्म संचालक शिकायत की थी कि, सीजीएसटी के सहायक आयुक्त शंकर परमार व उनके एक निजी सहयोगी व्यक्ति द्वारा फर्म पर जीएसटी की कार्रवाई न करने के एवज में 5 लाख रुपए की मांग की गई थी।

## प्रदेश में आंधी-तूफान के साथ बारिश, ओले भी गिरे

- भोपाल में बारिश, सीहोर में गिरे ओले
- जबलपुर, सिवनी समेत 15 जिलों में अलर्ट

**अनोखा तीर, भोपाल।**

प्रदेश में आंधी तूफान के साथ बारिश और ओले गिरने की खबर थी। भोपाल के कई इलाकों में बुधवार दोपहर गरज-चमक के साथ बारिश हुई। अचानक बदले मौसम से लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली। वहीं सीहोर में मौसम का असर ज्यादा तेज नजर आया।



यहां तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश में जमकर ओले गिरे। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में जबलपुर, सिवनी, मंडला समेत 15 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा इंदौर, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, छिंदवाड़ा, रायसेन, शाजापुर, नीमच, मंदसौर और देवास में बिजली चमकने, हल्की आंधी और ओले गिरने की संभावना जताई है। प्रदेश के कई जिलों में मौसम ने करवट लेना शुरू कर दिया था। धार जिले के कुक्षी और मनावर में ओले गिरे थे। लगातार बदलते मौसम को देखते हुए प्रशासन और मौसम विभाग अलर्ट मोड पर हैं।

- **दिन में गर्मी का असर भी... नर्मदापुरम में तापमान 40 डिग्री पार-** आंधी, बारिश और ओलों के बीच गर्मी का असर भी दिखा। मंगलवार को नर्मदापुरम में तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। खजुराहो में 39.2 डिग्री, रतलाम-नौगांव में 39 डिग्री, दमोह में 39.1 डिग्री और खरगोन, रायसेन-उमरिया में 38 डिग्री रहा। प्रदेश के 5 बड़े शहरों में भोपाल और जबलपुर में 37 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर-ग्वालियर में 36.6 डिग्री और उज्जैन में 36 डिग्री रहा।
- **अप्रैल में तेज गर्मी का ट्रेंड, हीट वेव भी चलेगी-** वर्तमान में प्रदेश में साइक्लोनिक सकुर्लेशन और ट्रफ सक्रिय हैं। 2 अप्रैल से वेस्टर्न डिस्टरबेंस भी सक्रिय होगा। इससे 4 अप्रैल तक कहीं आंधी और कहीं बारिश हो सकती है। इसके बाद सिस्टम लौटेगा और गर्मी का दौर शुरू होगा। दूसरे सप्ताह में तेज गर्मी पड़ेगी।

## रायसेन में 50 एकड़ गेहूं की फसल में लगी आग

### 25 ट्रैक्टर बुझाने में लगे, 1 वाहन जला

**रायसेन (एजेंसी)।** रायसेन में बुधवार दोपहर बजे गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग लग गई। आग में करीब 50 एकड़ में लगी फसल जलकर राख हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि किसानों को संभलने का मौका नहीं मिला।



आग की लपटों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए किसानों ने अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रैक्टर और पेड़ों की टहनियों से आग बुझाने का प्रयास किया। एक ट्रैक्टर भी आग की चपेट में आकर जल गया। इतनी देर में आग विकराल होती चली गई और 11 किसानों के खेत जल गए। करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### आज धूमधाम से मनेगा श्रीराम भक्त हनुमान का जन्मोत्सव



**अनोखा तीर, मसनगांव।** ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। ग्राम के खेड़ापति हनुमान मंदिर में 24 घंटे का रामायण पाठ बुधवार से शुरू हुआ, जो गुरुवार दोपहर तक जारी रहेगा। हनुमान जन्मोत्सव समिति के संयोजक सरदार भायरे ने बताया कि जन्मोत्सव पर रामायण पाठ के साथ



परायण तथा हवन आदि का आयोजन रखा गया है। 24 घंटे के रामायण पाठ के पश्चात हवन का आयोजन किया जाएगा। दोपहर में हनुमान जी की विशेष आरती की जाएगी, वहीं शाम के समय विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है। ग्रामीणों के सहयोग से प्रतिवर्ष हनुमान जन्मोत्सव पर ग्राम में भंडारा आयोजित किया जाता है, जिसमें सभी ग्रामीण भाग लेकर आरती एवं प्रसाद का लाभ उठाते हैं। इस अवसर पर हनुमान जी को सवा पाव आटे के रोट का भोग लगाया जाएगा और भक्तों द्वारा विशेष श्रृंगार भी किया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में खेड़ापति हनुमान मंदिर को साफ-सफाई के बाद आकर्षक साज-सज्जा से सजाया गया है। इसी प्रकार करीबी ग्राम पलासनेर, कमताड़ा, कांकरिया और सालाबेड़ी में भी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं।

### महाकाल के दरबार में पहुँचे अक्षय-टाइगर

- नंदी के कान में कही मनोकामना, बोले- देश की तरक्की की कामना की



**उज्जैन (एजेंसी)।** उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार तड़के बॉलीवुड सितारों की आस्था देखने को मिली। प्रसिद्ध अभिनेता अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और वरिष्ठ अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया बाबा महाकाल के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे।

**नंदी हाल में बैठकर किया जाप, जल अर्पित कर लिया आशीर्वाद-** तीनों कलाकार सुबह करीब 6 बजे मंदिर पहुंचे। यहां नंदी हाल में बैठकर भगवान महाकाल के दर्शन किए और जाप करते नजर आए। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने नंदी जी का पूजन कर उनके कान में अपनी मनोकामना भी कही। इसके बाद तीनों ने गर्भगृह की देहरी से दर्शन कर भगवान को जल अर्पित किया।

### मेरठ- कचहरी को बम से उड़ाने की मिली धमकी

- परिसर खाली कराया गया, जांच में जुटी थी पुलिस

**मेरठ (एजेंसी)।** मेरठ में कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी मिली। धमकी के बाद पूरे कचहरी परिसर को खाली करा लिया गया। पुलिस बल तैनात कर सर्च कराया गया। अदालतों में प्रवेश रोक दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, कचहरी परिसर में एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी दी। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन ने बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वाड को मौके पर बुलाया। पुलिस ने कचहरी की सभी इमारतों को खाली करा दिया। सुरक्षा एजेंसियों ने कचहरी के हर हिस्से की गहन तलाशी ली। संभावित खतरे को देखते हुए मुख्य गेट सहित सभी प्रवेश मार्गों को बंद कर दिया गया।

# धूमधाम से मनाया प्रवेश उत्सव

## छात्रों को वितरित की निःशुल्क साईकल और पुस्तकें

**अनोखा तीर, सिराली।**

स्थानीय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिराली में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रथम दिवस पर उत्साह और उमंग के साथ 'प्रवेश उत्सव' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नए और पुराने विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष अनीता अग्रवाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य सत्यनारायण चंदेले ने की। विशेष अतिथि के रूप में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के पालक गण, स्थानीय प्रबुद्ध जन एवं विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

**तिलक लगाकर और माला पहनाकर हुआ स्वागत-** कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यालय में आए नन्हे-मुन्ने बच्चों और अन्य विद्यार्थियों का मुख्य अतिथि एवं शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर और फूल-माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया



गया। स्वागत से अभिभूत बच्चों के चेहरों पर स्कूल आने की खुशी साफ झलक रही थी।



- **निशुल्क पाठ्यपुस्तक और साइकिलों का वितरण-** सत्र के पहले ही दिन बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से शुरू हो सके, इसके लिए शासन की योजना के तहत सभी बच्चों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही दूर-दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा हो, इसके लिए शासन की योजनांतर्गत उन्हें सुसज्जित साइकिलें भी प्रदान की गईं। मुख्य अतिथि अनीता अग्रवाल ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्राचार्य सत्यनारायण चंदेले ने सभी पालकों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का संचालन पियूष राठौर एवं आभार प्रदर्शन शिक्षक योगेश बिल्लोरे द्वारा किया गया।

# नन्हे-मुन्नो ने दिया सामाजिक एकता का संदेश, दर्शकों ने की सराहना



**अनोखा तीर, खिरकिया।** सत्य और अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव नगर में अभूतपूर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विविध धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में नवयुवक मंडल द्वारा रात्रि में आयोजित 'भक्ति भावना' कार्यक्रम ने महोत्सव में चार चांद लगा दिए। मंदिर परिसर में आयोजित यह कार्यक्रम महोत्सव का अंतिम और सबसे आकर्षक पड़ाव रहा।

**मंदसौर के कलाकारों ने बिखेरा सुरों का जादू-** कार्यक्रम में विशेष रूप से मंदसौर से पधारे सुप्रसिद्ध संगीतकार संभव भंडारी एवं उनकी टीम ने समां बांध दिया। गायक कलाकारों ने जब प्रभु भक्ति के सुर छेड़े, तो श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। विशेष रूप से भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक से संबंधित स्तवनों पर पूरा परिसर भक्ति के उल्लास में डूब गया। जैसे ही मंच से त्रिशला नंदन वीर की, जय बोलो महावीर की और मेरे घर आना ओ महावीर, मेरे घर आना..जैसी पंक्तियां गूंजी, पांडाल में मौजूद श्रद्धालु झूम उठे।



**भक्ति भावना का आध्यात्मिक महत्व-** जैन दर्शन में भक्ति को आत्म-विशुद्धि का सोपान माना गया है। जानकारों के अनुसार, भगवान को प्रसन्न करने का सबसे सरल मार्ग 'भाव' है। जब भक्त अपने अहंकार को त्यागकर राग-द्वेष से मुक्त होकर प्रभु के गुणों का गान करता है, तो वह परमात्मा से सीधा जुड़ाव महसूस करता है। संगीतबद्ध स्तवन न केवल मन को शांति प्रदान करते हैं, बल्कि एकाग्रता बढ़ाकर कर्मों की निर्जरा में भी सहायक होते हैं।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जीता दिल-** भजन संध्या के साथ-साथ नन्हे बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। निकीता भंडारी के निर्देशन में तैयार इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों ने जैन समाज की एकता और संगठन की शक्ति का प्रभावशाली संदेश दिया। समाज के वरिष्ठजनों ने बच्चों के आत्मविश्वास और उनकी प्रस्तुति की सराहना की।

**देर रात तक रही धर्म की प्रभावना-** नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में खिरकिया के जैन समाज की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में मंडल के पदाधिकारियों ने सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों और धर्मप्रेमियों का आभार व्यक्त किया। देर रात तक चले इस भक्ति महोत्सव ने नगर के धार्मिक वातावरण को नई ऊर्जा प्रदान की।

## राष्ट्रगीत वंदेमातरम का हुआ गायन

**अनोखा तीर, हरदा।** प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस की शुरुआत शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत 'वंदेमातरम गायन के साथ होती है। इसी क्रम में बुधवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

## 'नारी तू नारायणी' महिलाओं की शाम का भव्य आयोजन

**अनोखा तीर, सोडलपुर।** डेली स्कूल ऑफ एजुकेशन में ममता की छांव से सखियों के साथ तक... थीम पर महिलाओं की शाम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर अखिलेश चौधरी एवं विजयाश्री चौधरी, प्राचार्य किरण कुमार मिश्रा तथा अतिथियों और सरपंचों की उपस्थिति में मां सरस्वती पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षिकाओं के स्वागत नृत्य से हुई, जिसमें खुशबू शर्मा, नमामि एवं राधे मैडम की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। आयोजन की रूपरेखा नेहा गुर्जर, पुष्पा रात्रे एवं प्रीति शर्मा ने संभाली। वहीं आर्ट एंड क्राफ्ट शिक्षक सुभाष सर द्वारा तैयार महिला




सशक्तिकरण आधारित आकर्षक बैकग्राउंड भी सराहना का केंद्र रहा। मुख्य अतिथि के रूप में शुभी सेठ एवं सहोदय प्रेसिडेंट सोनाली पारे मौजूद रहीं, साथ ही विभिन्न ग्रामों की सरपंचों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। समय की पाबंदी को प्रोत्साहित करते हुए सबसे पहले पहुंचने वाली संध्या पटेल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रानू दीक्षित आलमपुर, सीमा भाटी मनियाखेड़ी एवं शिखा विश्वकर्मा सोडलपुर ने स्टॉल व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिताओं में वंदना गौर फुलड़ी गीत में प्रथम, अंजू हरने सोडलपुर नृत्य में प्रथम एवं मोना गौर द्वितीय स्थान पर रहीं। विशेष उपलब्धि के रूप में विद्यालय की छात्रा राखी मांगुले का चयन जिले से चुनी गई पांच प्रतिभागियों में हुआ, जिन्हें विधानसभा स्तर पर यूथ विषय पर वक्तव्य देने का अवसर मिला। इस उपलब्धि पर उन्हें महिलाओं की शाम के दौरान विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्राचार्य एवं सिटी कोऑर्डिनेटर किरण मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा, नारी केवल शक्ति नहीं, बल्कि सृजन, संस्कार और समाज की सशक्त आधारशिला है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने भाग लिया और आयोजन की सराहना की। सभी ने कहा कि डेली स्कूल ऑफ एजुकेशन लगातार ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरणादायक मंच प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम सफल, प्रेरणादायक एवं यादगार रहा, जिसमें समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अमेरिका नाटो से अलग हो सकता है

## ट्रम्प बोले- इसने जरूरत के वक्त मदद नहीं की, ये कागजी शेर

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर उसने जमीनी हमला करने के लिए सैनिक भेजने की गलती की तो उसे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने



कहा कि देश जरूरत पड़ने पर 6 महीने तक जंग जारी रख सकता है। वहीं हिजबुल्ला का प्रमुख कमांडर इस्माइल हाशेम बेरूत हमले में मारा गया। आईडीएफ ने किया है दावा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वे नाटो से बाहर निकलने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। उन्होंने नाटो को कागजी शेर बताया। वहीं बिट्रेन ने भी अमेरिका जंग शामिल होने से मना कर दिया।

- **ट्रम्प ने कहा है युद्ध अगले 2 से 3 हफ्तों में खत्म हो सकता-** वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ चल रहा युद्ध अगले 2 से 3 हफ्तों में खत्म हो सकता है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका अपना लक्ष्य हासिल कर चुका है और ऑपरेशन लास्ट स्टेज में है। बेरूत हमले में मारा गया हिजबुल्ला का प्रमुख कमांडर इस्माइल हाशेम। आईडीएफ ने किया दावा।

### होर्मुज स्ट्रेट नहीं खुलेगा

ईरान के सीनियर सांसद अली निकजाद ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोला जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान तब तक दबाव बनाए रखेगा जब तक वह अपने लोगों की मौत का बदला नहीं ले लेता। साथ ही उन्होंने अमेरिका से किसी भी तरह की बातचीत की संभावना को भी खारिज करते हुए कहा कि अब तक कोई वार्ता नहीं हुई है और आगे भी नहीं होगी।

### सांदीपनी विद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव

# तिलक, फूल और मिठाई के साथ हुआ नए छात्रों का किया स्वागत

**अनोखा तीर, करताना।** शासकीय सांदीपनी उच्च माध्यमिक विद्यालय करताना में आज कक्षा पहली, छठवीं और नवमी के नव प्रवेशित छात्रों के लिए 'प्रवेश उत्सव' का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। विद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के पहले दिन नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत किसी त्यौहार की तरह किया गया, जिससे स्कूल का वातावरण उमंग और अपनेपन से सराबोर नजर आया।

**परंपरा और प्रेम का संगम-** जैसे ही नन्हे-मुन्ने बच्चे अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय की दहलीज पर पहुंचे, शिक्षकों और वरिष्ठ छात्रों ने उनका अभिनंदन किया। भारतीय संस्कृति का निर्वहन करते हुए प्रत्येक बच्चे के माथे पर रोली-अक्षत का तिलक लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। शिक्षकों ने बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें यह एहसास कराया कि वे इस ज्ञान के उपवन के सबसे अनमोल फूल हैं। स्वागत की मिठास को बढ़ाते हुए बच्चों को मिठाइयां भी बांटी गईं, जिससे उनके चेहरों पर खिलखिलाती मुस्कान बिखर गई। संस्था प्राचार्य पीसी दान्द्रे ने बताया कि प्रवेश उत्सव का मुख्य उद्देश्य नए बच्चों के मन से स्कूल का डर निकालकर उन्हें एक सहज और खुशनुमा माहौल प्रदान करना है। रंग-बिरंगे गुब्बारों और झंडियों से सजे स्कूल परिसर को देख बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। वरिष्ठ अध्यापक प्रमोद उमरिया ने कहा, हमारा लक्ष्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चे को ऐसा परिवेश देना है जहाँ वह खुद को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। आज का यह स्वागत समारोह इसी दिशा में एक छोटा सा प्रयास है।

**अभिभावकों में दिखा उत्साह-** अपने बच्चों का इस तरह भव्य स्वागत होते देख अभिभावकों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उनकी कक्षाओं तक ले जाया गया, जहां उनके बैठने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। सभी बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि शिक्षा की शुरुआत यदि प्रेम और सम्मान के साथ हो, तो सीखने की प्रक्रिया और भी प्रभावी हो जाती है। इस दौरान प्रधान पाठक गिरीश पारे, गणेश जाट, दुर्गेश मंडाराई, रिंकेश मरस्कोले, सोहागसिंह कटारे, करतार सिह राजपूत, सुखदेव पटानकर, हरिकिशन भाटी, अश्विनी चौहान, कल्पना प्रधान, कृष्णा भदौरिया, कीर्ति खेरवा, संतोष पूनासे, आत्माराम सांखला एवं अन्य शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल पास

- लोकसभा में विदेशी अंशदान संशोधन विधेयक पर हंगामा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा ने बुधवार को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) बिल, 2026 को पास कर दिया है। इस बिल के जरिए अमरावती को रज्य की एकमात्र और स्थायी राजधानी का कानूनी दर्जा मिलेगा।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह बिल पेश किया था। इस पर एक घंटे से ज्यादा बहस हुई, जिसके बाद इसे वॉयस वोट से मंजूरी दे दी गई।

इससे पहले बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने विदेशी अंशदान संशोधन बिल को लेकर हंगामा किया। उन्होंने एफसीआरए बिल वापस लो के नारे लगाए। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों से शांत रहने की अपील की, लेकिन विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर विरोध करते रहे।

## गुजरात में 15 नगर निगमों के साथ 393 स्थानीय निकाय के चुनावों का ऐलान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात में 15 नगर निगमों, 84 नगर पालिकाओं, 34 जिला पंचायतों और 260 तहसील पंचायत के चुनावों का ऐलान हो गया है। इन चुनावों के लिए 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। बुधवार को गांधीनगर में गुजरात राज्य चुनाव आयोग ने शेड्यूल जारी किया। गुजरात के स्टेट इलेक्शन कमिश्नर डॉ. एस मुरली कृष्णा ने कहा कि 6 अप्रैल से नामांकन दाखिल किए जाएंगे। नामांकन की आखिरी 11 अप्रैल होगी। 13 अप्रैल को नामांकन की जांच होगी। सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले जाए सकेंगे।


# उप्र में तेज बारिश, ओले भी गिरे

- मप्र-राजस्थान में भी अलर्ट, जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में एवलांच का खतरा



**लखनऊ/शिमला/जयपुर/भोपाल (एजेंसी)।** देश के पांच राज्यों में अगले तीन दिन मौसम में बदलाव रहेगा। उत्तर प्रदेश में बुधवार सुबह बारिश हुई, 40 जिलों में अलर्ट भी जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में मथुरा, जालौन और कन्नौज में ओले गिरे। उधर मप्र में आधे प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट है। इंदौर, उज्जैन-ग्वालियर समेत 29 जिलों में अलर्ट है। भोपाल 2 बजे के बाद बारिश शुरु हो गई थी। 4 अप्रैल तक ऐसा ही मौसम रहेगा। उसके बाद 15 अप्रैल से प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ेगी।

**राजस्थान में बारिश की संभावना-** राजस्थान में 2 अप्रैल से फिर एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। जिसके चलते बारिश होगी। पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में एवलांच (हिमस्खलन) आया और कई रास्ते बंद हो गए हैं। अगले 24 घंटों में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और एवलांच का अलर्ट जारी किया गया है।



# हरदा नगर

हरदा, गुरुवार 2 अप्रैल 2026




## शा. बालक उच्चतर माध्यमिक शाला में मनाया प्रवेश उत्सव

**अनोखा तीर, रहटगांव।** बुधवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहटगांव में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षा समिति अध्यक्ष अनिल वर्मा लिबर्टी एवं ग्राम की प्रथम नागरिक सरपंच सुमित्रा सूरज रंगीले द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नि :शुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं साइकिलों का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच, स्टेज एवं टीन सेट की घोषणा की गई और 10 पंखे विद्यार्थियों के लिए सप्रेम भेंट किए गए। संस्था प्राचार्य मनोज मिंज ने बताया कि नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कॉमर्स एवं एग्रीकल्चर के नए संकाय प्रारंभ किए गए हैं। उन्होंने अधिक से अधिक विद्यार्थियों से प्रवेश लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### मुर्गी पालकों ने खुद के खर्च पर शुरु किया सोनाली चूजों का पालन

**अनोखा तीर, हरदा।** ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के साधनों को मजबूत करने और किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से ग्राम छुरीखाल में मंगलवार को समाज सेवी संस्था आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम (भारत), खिरकिया के सहयोग से मुर्गी पालन को बढ़ावा देने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई। ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत निर्मित मुर्गी घरों का लाभ ले रहे मुर्गी पालकों को पहले ही पशुपालन विभाग, मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन एवं संस्था के माध्यम से मुर्गी पालन का प्रशिक्षण दिया जा चुका था। प्रशिक्षण के बाद अब मुर्गी पालकों ने स्वयं के खर्चे पर सोनाली ब्रीड के 950 चूजों का वितरण कर मुर्गी पालन कार्य को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर ग्राम छुरीखाल, रामटेक रैयत एवं कुकड़ापानी के अनेक मुर्गी पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम छुरीखाल की सरपंच श्रीमती फूलवती बाई, पंचायत के सदस्यगण, ग्राम रामटेक पंचायत के सहायक सचिव वीरेन्द्र काजले तथा जनपद सदस्य परसराम धुर्वे, आगा खां संस्था की ओर से मनमोहन पाली, संस्था के कार्यकर्ता अनिल हरसोरे ग्राम छुरीखाल एवं नर्मदा प्रसाद ग्राम कोथमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम कुकड़ापानी से महेश, हजारी, मुन्ना, देवी सिंह, रामटेक रैयत से सूरज कलमे तथा ग्राम छुरीखाल से ग्यारसी बाई, सीताराम, रूपसिंह, मदन सहित अन्य मुर्गी पालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बताया गया कि कृषि और मजदूरी के साथ-साथ मुर्गी पालन अपनाकर ग्रामीण परिवार अपनी अतिरिक्त आय में वृद्धि कर सकते हैं और आत्मनिर्भर बन सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने सफल व्यवसाय के लिए आवास, स्वास्थ्य, आहार, ब्रीड और मार्केट के 'पंच सूत्र' समझाए। ग्रामीणों को बताया गया कि यदि इन पांच बिंदुओं पर ध्यान दिया जाए, तो खेती और मजदूरी के साथ-साथ मुर्गी पालन आय का एक बड़ा और स्थाई जरिया बन सकता है।

### बालक उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया प्रवेश उत्सव

**अनोखा तीर, टिमरनी।** शासकीय बालक उत्कृष्ट विद्यालय टिमरनी में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। अतिथि के रूप में आमंत्रित पार्षद उर्मिला गीते, पार्षद सुनील दुबे, पार्षद रानी कनेरे एवं संस्था




प्राचार्य ज्योति दुबे ने पात्र विद्यार्थियों को साइकिल एवं पाठ्य पुस्तकें वितरित कीं। विद्यार्थियों को टीवी पर मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण भी सुनाया गया। शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताते हुए पार्षद सुनील दुबे ने कहा कि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक मेहनत करना चाहिए, जिससे वे अपने माता-पिता एवं देश का नाम रोशन कर सकें। पार्षद रानी कनेरे ने सभी नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। अपने उद्बोधन में संस्था प्राचार्य ज्योति दुबे ने कहा कि जिन विद्यार्थियों की शाला में उपस्थिति अधिक रहती है, उनका परीक्षा परिणाम भी उतना ही सकारात्मक आता है। कार्यक्रम का संचालन मनीष सोनकिया एवं आभार संतोष सिधना ने व्यक्त किया। इस अवसर पर संतोष सिधना, मनीष सोनकिया, योगेंद्र ठाकुर, अभिनव राजपूत, गुरजीत चावला, सीमा भैसारे, कल्पना सातनकर, सुबोध राजपूत, सोना तिवारी, संकल्प वर्मा, शांति कुशवाहा, संदीप विश्वकर्मा, राजकपूर गौर, निखिल कहार सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

### नए सत्र के शुभारंभ पर शासकीय स्कूलों में मना प्रवेश उत्सव

**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम सोडलपुर सहित आसपास के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिन बुधवार को हर्षोल्लास के साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसरों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। करीबी ग्राम निमाचाकला की शासकीय प्राथमिक शाला में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में टिमरनी बीआरसी राकेश मंडलेकर एवं विकासखंड साक्षरता



प्रभारी मुकेश मालवीय विशेष रूप से शामिल हुए। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया और उन्हें कक्षा में प्रवेश दिलाया। इस दौरान बच्चों को नि :शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया। साथ ही अतिथियों ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। प्रवेश उत्सव के उपलक्ष्य में सभी बच्चों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया, जिसमें खीर, पूरी और सब्जी परोसी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## स्कूलों की अनियमितताओं को लेकर अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

# 7 दिन में कार्रवाई की मांग



**अनोखा तीर, हरदा।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरदा इकाई ने जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में चल रही विभिन्न अनियमितताओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में परिषद ने स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था, फीस, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कई मुद्दे उठाए हैं। परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत अप्रैल माह से हो रही है, लेकिन कई निजी विद्यालय निर्धारित समय पर सत्र प्रारंभ नहीं कर रहे हैं। साथ ही सभी विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि विद्यालयों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि पर रोक लगाई जाए तथा पिछले वर्षों की तुलना में फीस वृद्धि की जांच की जाए। इसके अलावा स्कूल बसों की फिटनेस, सीसीटीवी कैमरे और ड्राइवरों के वैध लाइसेंस की अनिवार्यता सुनिश्चित करने की बात कही गई है। एबीवीपी ने विद्यालयों में सेनेटरी पैड मशीन लगाने, अभिभावकों पर किसी विशेष दुकान से पुस्तकें व ड्रेस खरीदने का दबाव न बनाने और पिछले सत्र में बदली गई ड्रेस को इस सत्र में अनिवार्य न करने की भी मांग रखी है। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर अतिरिक्त वसूली रोकने, खेल मैदान और सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# गैस की कालाबाजारी के विरोध में निकाली जागरण रैली

## -कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और बढ़ती अफवाहों के खिलाफ कलेक्टर कार्यालय हरदा में जागरूकता रैली आयोजित की गई। यह रैली अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, जिला हरदा इकाई के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें विभिन्न समाजों के जिम्मेदार नागरिकों और पदाधिकारियों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से आम जनता को गैस की कालाबाज़ारी के प्रति जागरूक किया गया और प्रशासन से इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। इसके बाद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उपभोक्ता हितों की रक्षा तथा शोषण मुक्त समाज की स्थापना के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर जौहरी कमल सोनी, अशोक पाराशर, सत्यनारायण सिरोही, अजप सिंह राजपूत, नर्मदाप्रसाद गौर, सुरेंद्र कौर, अशोक मांझी, रोहित लाठी, सुरेश सैनी, पवन जायसवाल, गोपाल गंगराड़े, राजेंद्र उपाध्याय, अक्षय कोगे, नितेश विश्वकर्मा, मदनलाल सोनी, मोहनलाल सोनी, संजय थाटे, प्रहलाद नागवे, संतोष सोनी,




प्रवीण चंद्रवंशी, गोपाल शुक्ला, राम मिश्रा और रितेश भावसार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रैली में शामिल लोगों ने स्पष्ट कहा कि उपभोक्ताओं के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि आवश्यक हुआ तो आगे भी आंदोलन जारी रखा जाएगा।

# हंडिया में शासकीय महाविद्यालय खोलने की मांग

**अनोखा तीर, हरदा।**

हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा विद्यार्थियों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री एवं प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा विभाग को पत्र प्रेषित कर हरदा जिले की तहसील हंडिया में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना किए जाने की मांग की गई है।

हरदा विधायक डॉ. दोगने द्वारा प्रेषित पत्र में उल्लेख किया गया है कि हरदा जिले की तहसील हंडिया एक महत्वपूर्ण एवं विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र है, जिसके अंतर्गत अनेक ग्राम आते हैं। इस क्षेत्र की जनसंख्या निरंतर बढ़ रही है, साथ ही शिक्षा के प्रति जागरूकता भी तेजी से बढ़ी है। बावजूद इसके हंडिया क्षेत्र में उच्च शिक्षा हेतु शासकीय महाविद्यालय का अभाव है। वर्तमान में हंडिया एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए हरदा या अन्य दूरस्थ स्थानों पर जाना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक, सामाजिक एवं परिवहन संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थी इन



परिस्थितियों के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। तहसील स्तर पर महाविद्यालय नहीं होने के कारण विशेषकर छात्राओं को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्हें दूरस्थ स्थानों तक आवागमन में सुरक्षा, समय एवं संसाधनों से संबंधित समस्याएं झेलनी पड़ती हैं, जिसके परिणामस्वरूप कई छात्राएं उच्च शिक्षा जारी नहीं रख पाती हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि हंडिया क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से विस्तृत होने के साथ-साथ शैक्षणिक दृष्टि से भी अत्यंत संभावनाशील है। यहां शासकीय महाविद्यालय की स्थापना से न केवल क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा सुलभ होगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। विधायक डॉ. दोगने ने मांग की है कि जनहित एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए हरदा जिले की तहसील हंडिया में अतिशीघ्र शासकीय महाविद्यालय की स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस पहल से क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त होगा।

# स्वावलंबन कार्यक्रम के तहत सिलाई प्रशिक्षण का शुभारंभ



**अनोखा तीर, हरदा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सान्निध्य में गायत्री शक्ति पीठ, हरदा द्वारा स्वालंबन कार्यक्रम के तहत आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने हेतु 1 अप्रैल 2026 से तीन माह के सिलाई प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती कीर्ति अग्रवाल, श्रीमती सुनीता गोयल एवं गायत्री शक्ति पीठ हरदा के मुख्य ट्रस्टी एडवोकेट ऋषि पारे की गरिमामय उपस्थिति में महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उपस्थित अतिथियों द्वारा सिलाई मशीनों का पूजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उद्बोधन में मुख्य ट्रस्टी ऋषि पारे ने कहा कि सभी बहनें परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा दिए गए 18 सत्संकल्पों को अपने जीवन में अपनाएं और गायत्री शक्तिपीठ हरदा सिलाई केंद्र पर आत्मअनुशासन के साथ उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्राप्त करें। इस अवसर पर युग निर्माण सत्संकल्प का पाठ भी किया गया। कार्यक्रम में हरदा तहसील समन्वयक शैलेंद्र पाराशर, प्रबंधक सियाराम गौर, साधना गौर, कुसुम गौर, किरण अग्रवाल, रीता गौर, सुनीता अग्रवाल, मधु पारे सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में 30 बहनों ने प्रवेश फॉर्म भरकर भागीदारी की और आत्मनिर्भर बनने तथा अन्य बहनों को प्रेरित करने का संकल्प लिया।

### रेवापुर व माचक उपनहर हेतु ओसराबंदी कार्यक्रम जारी

**अनोखा तीर, हरदा।** कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सोनम वाजपेयी ने मूंग सिंचाई के लिए पानी की पर्याप्त उपलब्धता हेतु 36 घंटे की ओसरा बंदी कार्यक्रम जारी किया है। जारी कार्यक्रम अनुसार रेवापुर उपनहर व सोनतलाई उप संभाग में 1 अप्रैल बुधवार रात 8 बजे से 3 अप्रैल शुक्रवार सुबह 8 बजे तक नहरें बंद रहेंगी। इसी प्रकार माचक उपनहर 3 अप्रैल शुक्रवार रात 8 बजे से 4 अप्रैल शनिवार रात 8 बजे तक बंद रहेगी। सुश्री वाजपेयी ने बताया कि नहर बंद करने की अवधि हर 36 घंटे के अंतराल से क्रमानुसार निरन्तर लागू रहेगी। बिना अनुमति एवं अग्रिम राशि जमा किये बगैर सिंचाई पंप नहीं चलाए जा सकेंगे।

## बस स्टैंड निर्माण में देरी पर सख्ती के बाद हरकत में आई नगरपालिका

# जल्द होगा भूमिपूजन

**अनोखा तीर, हरदा।**

शहर के बस स्टैंड निर्माण कार्य में हो रही लंबी देरी को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी द्वारा 24 मार्च को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित शिकायत किए जाने एवं ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग उठाने के बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया है। उक्त शिकायत में स्पष्ट रूप से बताया गया था कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बावजूद करीब 6 माह बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही यह मांग भी की गई थी कि यदि ठेकेदार कार्य करने में सक्षम नहीं है तो उसका टेंडर निरस्त कर उसे ब्लैकलिस्ट किया जाए और नया टेंडर जारी किया जाए। जानकारी के अनुसार बस स्टैंड निर्माण कार्य हेतु ठेकेदार द्वारा 30 मार्च 2026 को एग्रीमेंट किया गया था तथा 31 मार्च 2026 को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया था। 1 अप्रैल को नगर पालिका द्वारा संबंधित स्थल पर लेआउट डालकर ठेकेदार को भूमि सुपुर्द कर दी गई है तथा आगामी 4-5 दिनों में विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने की तैयारी की जा रही है। इसके अतिरिक्त नगर पालिका अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नेता प्रतिपक्ष द्वारा संयुक्त बैठक कर ठेकेदार को कार्य प्रारंभ करने हेतु सख्त निर्देश दिए गए थे तथा उसे एक सप्ताह का समय दिया गया था, जिस पर ठेकेदार द्वारा सहमति दी गई है। यह बस स्टैंड लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया जाएगा और अनुबंध के अनुसार ठेकेदार को 9 माह की अवधि में कार्य पूर्ण करना होगा। नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी ने कहा कि जनता के हितों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अब भी निर्माण कार्य में देरी या अनियमितता पाई जाती है तो ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसे ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका को कार्य की सतत निगरानी सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि शहरवासियों को जल्द से जल्द आधुनिक बस स्टैंड की सुविधा मिल सके।

## हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

## स्वयंसिद्धा समूह भोपाल द्वारा शक्ति सम्मान समारोह तथा कृति लोकार्पण संपन्न

# दूसरे सत्र में रचनाकारों ने किया काव्य पाठ

**अनोखा तीर, भोपाल।** स्वयंसिद्धा शक्ति सम्मान समारोह 31 मार्च को दुष्यंत संग्रहालय भोपाल में संपन्न हुआ।। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह में एडवोकेट रामकृष्ण पांडेय की कृति कवि मन का पुष्प और डॉ अनीता तिवारी की कृति सोनजूही का लोकार्पण हुआ। दोनों पुस्तकों का समीक्षा वक्तव्य वरिष्ठ साहित्यकार श्रीराम माहेश्वरी ने प्रस्तुत किया। साहित्यिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक समूह स्वयंसिद्धा की संस्थापक




डॉ अनीता तिवारी ने बताया कि पहला सत्र सुबह 1 1 बजे तथा दूसरा सत्र दोपहर 2 बजे शुरू हुआ। पहले सत्र में प्रख्यात पुरातत्ववेत्ता पद्मश्री नारायण व्यास मुख्य अतिथि, केंद्रीय अंबेडकर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलाधिपति डॉ प्रकाश बरतूनिया विशिष्ट अतिथि, हिंदी लेखिका संघ की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अनीता सक्सेना विशिष्ट अतिथि, आईपीएस सुशोवन बनर्जी विशेष अतिथि, वरिष्ठ रंगकर्मी संजय मेहता विशिष्ट अतिथि तथा वरिष्ठ पत्रकार संपादक शशांक दुबे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। वरिष्ठ मूर्तिकार देवीलाल पाटीदार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। आरंभ में अनिता तिवारी ने स्वागत भाषण दिया। सरोज दवे ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। दूसरे सत्र में वरिष्ठ साहित्यकार गोकुल सोनी मुख्य अतिथि और वरिष्ठ साहित्यकार नीलिमा रंजन विशिष्ट अतिथि, सीमा हरि शर्मा विशेष अतिथि रहीं। वरिष्ठ साहित्यकार महेश सक्सेना ने अध्यक्षता की। समारोह में अनेक लेखक, साहित्यकार, शिक्षाविदों का सम्मान किया गया। दूसरे सत्र में रचनाकारों द्वारा रचना पाठ किया गया। मधुलता शर्मा और वंदना जोशी ने संचालन किया। अंत में श्रीराम माहेश्वरी ने आभार व्यक्त किया।


**केन्द्रीय विद्यालय हरदा शासकीय आदर्श महाविद्यालय अबगॉव खुर्द**

KENDRIYA VIDYALAYA HARDA GOVT. ADARSH COLLEGE ABGOAV KHURD

Web Site :- https://harda.kvs.ac.in, EMAIL ID-kvhrd_2010@yahoo.com, ppl.harda@kvs.gov.in

KV Code-2203, School No. 54152 Affiliation No. 1000091, School Dies No. 23360117107

F.No. /Admission/KV Harda/2026-27/ Date 01.04.2026

**नवीन सत्र (2026-27) हेतु ऑफलाइन प्रवेश सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि :-

- कक्षा II से VII एवं कक्षा **X में प्रवेश हेतु कुछ स्थान रिक्त है,** जिनके प्रवेश के लिए ऑफलाईन पंजीकरण दिनांक **02-04-2026 से 08-04-2026** (विद्यालय कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक) किया जाएगा।
- अधिक जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाइट अथवा के.वि.सं. की वेबसाइट **www.kvsangathan.nic.in** पर प्रवेश नियमावली का अवलोकन किया जा सकता है।
- इच्छुक अभिभावक ऑफलाइन पंजीकरण हेतु विद्यालय से पंजीकरण प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। पंजीकरण प्रपत्र भरकर तथा वांछित दस्तावेजों के साथ दिनांक 02-04-2026 से 08-04-2026 तक उक्त समयानुसार विद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।
- कक्षा दसवीं में प्रवेश आवेदन फार्म केवल **केन्द्रीय कर्मचारी** के पाल्य/पाल्या ही जो कि **C.B.S.E.** बोर्ड से **55%** के साथ नवमी उत्तीर्ण हो। आवेदन के पात्र होगे।
- के.वि.सं. के प्रवेश निर्देशिका के अनुसार मान्य होगा।
- मात्र पंजीकरण प्रवेश की गारंटी नहीं है।

**प्राचार्य**
**के.वि. हरदा**

# संपादकीय

# बुजुर्गों के आंसू पोंछने का कानून...

देश में बुजुर्ग माता-पिता की उपेक्षा एक गंभीर सामाजिक समस्या बनती जा रही है। गांवों से शहरों की ओर पलायन, संयुक्त परिवारों का टूटना और तेजी से बदलती जीवनशैली के कारण बुजुर्गों की देखभाल नहीं करने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। कई दफा माता-पिता को उम्र के आखिरी पड़ाव पर या तो अकेले रहना पड़ता है या फिर किसी वृद्धाश्रम की शरण लेने को मजबूर होना पड़ता है। हालांकि, कानून में बुजुर्गों की देखभाल के लिए सख्त प्रावधान मौजूद हैं, इसके बावजूद उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कारण स्पष्ट है कि कुछ वरिष्ठ नागरिक अपने कानूनी अधिकारों को लेकर जागरूक नहीं हैं, तो कुछ शारीरिक और आर्थिक दिक्कतों की वजह से कानून की मदद नहीं ले पाते हैं। ऐसे में तेलंगाना सरकार की ओर से वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा मुहैया कराने की पहल से एक नई उम्मीद जगी है। राज्य विधानसभा में रविवार को एक ऐसा विधेयक पारित किया गया, जिसमें सरकारी एवं निजी कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तय करने का प्रावधान है। हालांकि, देश में पहले से ही राष्ट्रीय कानून- 'माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007' मौजूद है, मगर बुजर्गों की देखभाल के मामले में जमीनी स्तर पर इसका प्रभावी असर नजर नहीं आता है। कई बार कानूनी प्रक्रिया इतनी जटिल और उलझाऊ हो जाती है कि बुजुर्ग अपने कदम पीछे खींच लेते हैं। ऐसे में तेलंगाना विधानसभा में पारित 'कर्मचारी जवाबदेही और माता-पिता सहायता निगरानी विधेयक- 2026' को कई मायनों में महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। इस



विधेयक के अनुसार, राज्य के जनप्रतिनिधियों तथा सरकारी एवं निजी कर्मचारियों के लिए अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करना अनिवार्य है। इसका अनुपालन न करने पर उनके वेतन में पंद्रह फीसद या दस हजार रुपए, जो भी कम हो, माता-पिता को देय राशि के रूप में कटौती की जाएगी। इस विधेयक का मकसद कर्मचारियों में नैतिक मूल्यों का संचार करना और पारिवारिक जिम्मेदारियों को लेकर प्रतिबद्ध बनाने के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह बात छिपी नहीं है कि बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल का मसला सड़क से लेकर संसद तक उठता रहा है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर इसका कोई प्रभावी एवं कारगर समाधान नहीं निकल पाया है। हाल में राज्यसभा में यह मुद्दा उठाते हुए मांग की गई कि विदेश में रह रहे ऐसे भारतीय नागरिकों के पासपोर्ट रद्द कर देने चाहिए, जो देश में रह रहे अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भले ही अभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया है, लेकिन तेलंगाना सरकार ने जो पहल की है, वह दूसरों राज्यों के लिए भी प्रेरणादायक है। इस कानून के लागू होने के बाद राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी प्रक्रिया में उलझने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर बुजुर्ग माता-पिता सरकारी सेवा में कार्यरत अपनी संतान के खिलाफ शिकायत करते हैं और वह सही पाई जाती है, तो संबंधित कर्मी के वेतन से तय राशि काटकर माता-पिता को दे दी जाएगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि दूसरे राज्यों में भी बुजुर्गों की देखभाल को लेकर कानूनी तौर पर इस तरह के कदम उठाए जाएंगे, ताकि उनकी वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।


**हनुमान जी ने जब पहली बार भगवान श्री राम और लक्ष्मण को ऋष्यमूक पर्वत पर देखा, तो उन्होंने अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए सीधे आत्मसमर्पण नहीं किया। उन्होंने साधु का वेश धारण किया और पहले अपने होने वाले स्वामी को परखा। यह उनके विवेक की पराकाष्ठा थी कि वे सुनिश्चित करना चाहते थे कि क्या ये वही पुरुषोत्तम हैं जिनका संपूर्ण जगत प्रतीक्षा कर रहा है। लेकिन एक बार जब उन्हें विश्वास हो गया और उन्होंने श्री राम को अपना स्वामी स्वीकार कर लिया, तो उनके मन में कभी कोई संशय या प्रश्न नहीं उठा।**

# भक्ति शक्ति और विनम्रता के अनोखे संगम महाबली, वीर हनुमान



– डॉ. राघवेंद्र शर्मा

हनुमान जी का चरित्र केवल एक पौराणिक कथा नहीं है, बल्कि वह जीवन जीने की उस सर्वोच्च कला का दर्शन है, जहां शक्ति, भक्ति और विनम्रता का अद्भुत संगम होता है। शास्त्रों में कलयुग के विषय में कहा गया है कि इस युग में केवल प्रभु का नाम ही वह आधार है, जिसके सुमिरन मात्र से मनुष्य भवसागर को पार कर सकता है। इस सत्य को यदि किसी ने पूर्णतः आत्मसात किया, तो वे स्वयं हनुमान जी हैं। उन्होंने राम नाम के प्रताप को न केवल समझा, बल्कि उसे अपने अस्तित्व के रोम-रोम में बसा लिया, जिसके परिणामस्वरूप वे अजर-अमर हो गए। हनुमान जी का व्यक्तित्व हमें सिखाता है कि महानता बड़े-बड़े कार्य करने में नहीं, बल्कि उन कार्यों को करने के बाद मिलने वाले श्रेय का त्याग करने और निरंतर सेवा भाव में लीन रहने में है। उनके जीवन की यात्रा समर्पण की एक ऐसी मिसाल है जो हमें बुद्धि और विवेक के सही उपयोग का मार्ग दिखाती है।



हनुमान जी ने जब पहली बार भगवान श्री राम और लक्ष्मण को ऋष्यमूक पर्वत पर देखा, तो उन्होंने अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए सीधे आत्मसमर्पण नहीं किया। उन्होंने साधु का वेश धारण किया और पहले अपने होने वाले स्वामी को परखा। यह उनके विवेक की पराकाष्ठा थी कि वे सुनिश्चित करना चाहते थे कि क्या ये वही पुरुषोत्तम हैं जिनका संपूर्ण जगत प्रतीक्षा कर रहा है। लेकिन एक बार जब उन्हें विश्वास हो गया और उन्होंने श्री राम को अपना स्वामी स्वीकार कर लिया, तो उनके मन में कभी कोई संशय या प्रश्न नहीं उठा। यह अनन्य भक्ति का वह स्तर है जहां भक्त और भगवान के बीच तर्क की दीवारें गिर जाती हैं और केवल अटूट विश्वास शेष रह जाता है। आज के समय में, जहां लोग हर कदम पर संदेह और स्वार्थ देखते हैं, हनुमान जी का यह समर्पण सिखाता है कि यदि लक्ष्य बड़ा हो और विश्वास गहरा, तो सफलता निश्चित है।

महान विजय और बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति कभी भी अहंकार से नहीं होती, बल्कि उसके लिए अपमान सहने की शक्ति और धैर्य की आवश्यकता होती है।

हनुमान जी चाहते तो रावण की सभा में अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर क्षण भर में शत्रु का विनाश कर सकते थे। उनके पास संकल्प मंत्र की वह शक्ति थी जो किसी भी बाधा को समाप्त कर सकती थी, लेकिन उन्होंने एक बड़ी सिद्धि और प्रभु के कार्य की पूर्णता के लिए मेघनाद के प्रहारों को सहा, रावण के कटु वचनों को सुना और यहां तक कि लंकावासियों की लातें भी सहीं। ब्रह्मास्त्र के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए उन्होंने स्वयं को बंधनों में स्वीकार किया, जबकि वे उन बंधनों से मुक्त होने में पूरी तरह सक्षम थे। यह आचरण हमें सिखाता है कि जब बात धर्म की रक्षा और बड़े उद्देश्य की हो, तो व्यक्तिगत मान-अपमान से ऊपर उठकर कार्य करना ही सच्ची श्रेष्ठता है। विनम्रता का अर्थ कमजोरी नहीं, बल्कि अपनी शक्ति पर इतना नियंत्रण होना है कि आप प्रतिकूल परिस्थितियों में भी विचलित न हों।

हनुमान जी की निस्वार्थता का कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। जो श्री राम त्रिलोकों के ऐश्वर्य को उपहार में देने की सामर्थ्य रखते थे, उनके द्वारा दी गई एक बहुमूल्य माला को हनुमान जी ने केवल इसलिए अस्वीकार कर दिया क्योंकि उसमें उनके आराध्य सीताराम का वास नहीं था। यह उनके इसी भाव को प्रकट करता है कि संसार की सबसे कीमती वस्तु भी उनके लिए व्यर्थ है यदि उसमें प्रभु की चेतना न हो। उन्होंने सदैव सत्य का साथ दिया। जब बाली जैसा परम शक्तिशाली योद्धा एक तरफ था और सुग्रीव जैसा निर्बल मित्र दूसरी तरफ, तो हनुमान जी ने शक्ति के बजाय सत्य और न्याय का चुनाव किया। उनका वेग पवन के समान तीव्र था, लेकिन उनके व्यवहार में एक गंभीर ठहराव था। उनके पास इतना बल था कि वे तीनों लोकों को उठा सकें, लेकिन उनकी विनम्रता ऐसी थी कि वे सदैव प्रभु के चरणों में ही दास बनकर रहे। वे साक्षात शिव के अंश थे, फिर भी उनकी एक ही रट थी राम काज कीन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम।

यही वह निष्काम सेवा थी जिसके परिणामस्वरूप उन्हें माता जानकी से अष्ट सिद्धि और नवनिधि के दाता होने का वरदान प्राप्त हुआ। माता ने उन्हें अजर अमर गुण निधि सुत होने का आशीर्वाद दिया और प्रभु श्री राम ने स्वयं घोषणा की कि जब तक इस पृथ्वी पर राम कथा का अस्तित्व रहेगा, हनुमान जी का अस्तित्व बना रहेगा।

हनुमान जी का जीवन हमें यह संदेश देता है कि यदि हम अपने भीतर के अहंकार को त्यागकर, अपने कौशल को किसी बड़े और सात्विक उद्देश्य के लिए समर्पित कर दें, तो हम भी उस अमरता और शांति को प्राप्त कर सकते हैं जिसकी खोज में पूरी मानवता भटक रही है।

हनुमान जी का चरित्र बल, बुद्धि और विद्या का भंडार होते हुए भी भक्ति भाव की महिमा को सिद्ध करता है। अंततः, उनकी भक्ति हमें यह सिखाती है कि जीवन का वास्तविक सुख पाने में नहीं, बल्कि स्वयं को खोकर परम तत्व को प्राप्त करने में है। जब हम अपने कर्मों का फल प्रभु को अर्पित कर देते हैं, तब हम बंधनों से मुक्त होकर उस परम पद के अधिकारी बन जाते हैं जहां केवल आनंद और संतोष का वास होता है। हनुमान जी का जीवन एक दैदीप्यमान शक्तिपुंज है जो कलयुग के अंधकार में भटकते हुए मनुष्यों को कर्म, संयम और अटूट विश्वास का मार्ग दिखाती है।

**बाबा विश्वनाथ की काशी में मोहन दिखाएंगे**

# सम्राट विक्रमादित्य का विराट स्वरूप

**इस आयोजन के केंद्र में हैं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, जो महानाट्य के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य की गाथा को काशी के मंच पर जीवंत करने जा रहे हैं। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है, जब काशी स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है। ऐसे में यह कार्यक्रम केवल सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि परंपरा, सत्ता और प्रतीकवाद के त्रिकोण का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरता है।**

– पवन वर्मा

हमारे देश की सांस्कृतिक चेतना में कुछ स्थान, शहर केवल भौगोलिक नहीं होते, वे समय, परंपरा और आस्था के जीवंत केंद्र होते हैं। काशी ऐसी ही एक नगरी है, जहां इतिहास सांस लेता है और परंपरा वर्तमान से संवाद करती है। इसी काशी में, जहां विश्वनाथ धाम के सान्निध्य और पवित्र पावन मां गंगा की जलधारा के किनारे पर 3 से 5 अप्रैल के बीच एक ऐसा सांस्कृतिक आयोजन होने जा रहा है, जो केवल मंचन नहीं, बल्कि भारतीय स्मृति और पहचान का पुनर्पाठ है। इस आयोजन के केंद्र में हैं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, जो महानाट्य के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य की गाथा को काशी के मंच पर जीवंत करने जा रहे हैं। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है, जब काशी स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है। ऐसे में यह कार्यक्रम केवल सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि परंपरा, सत्ता और प्रतीकवाद के त्रिकोण का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरता है।



- **काशी में विक्रमादित्य : प्रस्तुति से आगे का संदेश**– इस आयोजन में यहां केवल एक पारंपरिक ऐतिहासिक कथा का मंचन नहीं होगा, बल्कि भारतीय इतिहास के एक महत्वपूर्ण प्रतीक को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने का प्रयास भी दिखाई देगा। काशी में विक्रमादित्य की गाथा का मंचन, इस बात का संकेत है कि भारतीय इतिहास के महान चरित्र अब केवल ग्रंथों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उन्हें नए संदर्भों और नए भूगोल में पुनर्स्थापित किया जाएगा। यह सांस्कृतिक पुनर्सृजन का वह दौर है, जहां इतिहास को पुनः देखा, समझा और प्रस्तुत किया जा रहा है।
- **सम्राट विक्रमादित्य : आदर्श शासन, न्याय और विद्वत्ता के प्रतीक**– सम्राट विक्रमादित्य भारतीय परंपरा में केवल एक शासक नहीं, बल्कि आदर्श शासन, न्याय और विद्वत्ता के प्रतीक माने जाते हैं। उनकी नवरत्न सभा, जिसमें कालिदास जैसे महान विद्वान शामिल थे, भारतीय ज्ञान परंपरा की ऊंचाई को दर्शाती है। विक्रमादित्य की छवि एक ऐसे शासक की रही है, जिसने शक्ति और संवेदना, दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया। उनका शासन केवल प्रशासनिक दक्षता का उदाहरण नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों और न्यायप्रियता का आदर्श भी है। काशी में होने वाला यह महानाट्य इसी विचार को दृश्य रूप में प्रस्तुत करेगा, जहां दर्शक केवल कहानी नहीं देखेंगे, बल्कि उस युग की चेतना को अनुभव करेंगे।
- **दिल्ली से काशी तक की सांस्कृतिक यात्रा**– काशी में होने वाला यह मंचन एक स्वतंत्र घटना नहीं, बल्कि एक विस्तृत सांस्कृतिक यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस महानाट्य की शुरुआत देश की राजधानी नई दिल्ली में लाल किला परिसर से हुई थी, जहां इसे भव्यता और गंभीरता के साथ प्रस्तुत किया गया। दिल्ली में प्रस्तुति के दौरान इसे व्यापक सराहना मिली। स्वयं प्रधानमंत्री एवं वाराणसी के सांसद नरेंद्र मोदी ने इस महानाट्य की प्रशंसा करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। यह सराहना इस आयोजन को एक राष्ट्रीय पहचान देने में महत्वपूर्ण साबित हुई। इसके बाद यह मंचन भोपाल में आयोजित 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' जैसे प्रमुख सांस्कृतिक आयोजन का हिस्सा बना। यहां सैकड़ों कलाकारों, भव्य मंच सज्जा और तकनीकी नवाचार के साथ इसे प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों में 'विक्रमोत्सव-2026' के अंतर्गत इस महानाट्य का मंचन किया गया, ताकि यह कथा व्यापक जनसमूह तक पहुंचे। इस तरह उज्जैन से शुरू हुई यह सांस्कृतिक यात्रा अब काशी तक पहुंच रही है। जहां इसे एक नए और व्यापक अर्थ के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।
- **मंचन की संरचना : तकनीक और परंपरा का अनूठा संगम**– सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य को जिस स्तर पर तैयार किया गया है, वह इसे सामान्य नाट्य प्रस्तुतियों से अलग बनाता है। इसमें विशाल सेट, सैकड़ों कलाकारों की टीम और आधुनिक तकनीकी प्रभावों का समावेश है। प्रकाश, ध्वनि और दृश्य प्रभावों के माध्यम से एक ऐसा वातावरण निर्मित किया गया है, जो दर्शकों को सीधे उस युग में ले जाता है। संवादों की गंभीरता, संगीत की भव्यता और अभिनय की सजीवता, ये सभी तत्व मिलकर इस प्रस्तुति को एक समग्र अनुभव बनाते हैं। यह नाटक देखने के साथ ही अनुभव करने की प्रक्रिया है, जहां दर्शक स्वयं को कथा का हिस्सा महसूस करते हैं।
- **काशी का चयन : प्रतीक और रणनीति**– वाराणसी को इस आयोजन के लिए चुनना अपने आप में एक गहन प्रतीकात्मक निर्णय है। काशी भारत की आध्यात्मिक राजधानी मानी जाती है, जहां से उठी आवाज पूरे देश में गूंजती है। यहां किसी ऐतिहासिक चरित्र का मंचन करना, उसे केवल प्रस्तुत करना नहीं, बल्कि उसे राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाना भी है। विक्रमादित्य की गाथा को काशी में प्रस्तुत करना, उसे एक व्यापक सांस्कृतिक संदर्भ प्रदान करता है। यह आयोजन यह भी संकेत देता है कि अब सांस्कृतिक परियोजनाएं क्षेत्रीय सीमाओं से बाहर निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक पहचान अब काशी जैसे राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत हो रही है, जो एक नई दिशा की ओर इशारा करता है।
- **सत्ता, स्मृति और सांस्कृतिक विमर्श**– इस आयोजन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इसमें सत्ता, स्मृति और सांस्कृतिक विमर्श का संगम दिखाई देता है। जब कोई सरकार किसी ऐतिहासिक चरित्र को इस प्रकार प्रस्तुत करती है, तो वह केवल अतीत को नहीं दिखा रही होती, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए एक सांस्कृतिक संदेश भी दे रही होती है। डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में यह पहल मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक नीति का एक हिस्सा भी मानी जा सकती है, जहां इतिहास और परंपरा को आधुनिक माध्यमों के जरिए पुनर्जीवित किया जा रहा है।
- **व्यापक प्रभाव की संभावना**– काशी में होने वाला यह महानाट्य केवल तीन दिनों का आयोजन नहीं रहेगा। इसका प्रभाव लंबे समय तक महसूस किया जाएगा। जब किसी ऐतिहासिक व्यक्तित्व को इतने बड़े स्तर पर प्रस्तुत किया जाता है, तो वह लोगों की सामूहिक स्मृति में स्थायी स्थान बना लेता है। यह आयोजन युवा पीढ़ी को भी अपने इतिहास से जोड़ने का माध्यम बन सकता है, जो आज के डिजिटल युग में पारंपरिक कथाओं से दूर होती जा रही है।

# भारत की आक्रामक, आत्मविश्वासी और दूरदर्शी कूटनीति

> सामरिक दृष्टि से देखें तो यह पूरी स्थिति भारत की ऊर्जा सुरक्षा नीति की बड़ी परीक्षा थी। पश्चिम एशिया जैसे संवेदनशील क्षेत्र में तनाव का सीधा असर भारत पर पड़ सकता था, लेकिन भारत ने अपनी निर्भरता घटाकर इस खतरे को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया। अब होर्मुज मार्ग पर निर्भरता घटकर लगभग तीस प्रतिशत रह गई है। इसके रणनीतिक निहितार्थ और भी गहरे हैं। भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि वैश्विक ऊर्जा कूटनीति का सक्रिय खिलाड़ी बन चुका है। अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों में बढ़ती मौजूदगी भारत को दीर्घकालिक सुरक्षा देती है। साथ ही पाइप्ड नेचुरल गैस जैसे विकल्पों को बढ़ावा देकर एलपीजी पर निर्भरता कम करने की दिशा में भी काम हो रहा है।

नीरज कुमार दुबे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाने वाले और मोदी की विदेश नीति को विफल बताने वाले विपक्षी नेताओं को यह देखना चाहिए कि जब भारत के सामने ऊर्जा संकट मंडराया तो दुनिया के वही देश मदद के लिए खड़े हो गए जिनके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्षों तक भरोसे का रिश्ता बनाया था। खासकर अफ्रीकी देशों से बढ़ते आयात ने यह साबित कर दिया है कि भारत ने समय रहते अपने ऊर्जा स्त्रोतों को विविध बनाया था। आज वही रिश्ते और रणनीतिक फैसले भारत की ढाल बनकर खड़े हैं और यही असली कूटनीति की ताकत है। देखा जाये तो पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को झकझोर दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से भारत पहले अपनी कच्चे तेल की आपूर्ति का लगभग चालीस से पैंतालीस प्रतिशत हिस्सा प्राप्त करता है उस पर दबाव बढ़ने से कई तरह की अटकलें लगाई गईं। लेकिन भारत न तो घबराया और न ही संकट में फंसा। इसका कारण है मोदी सरकार की दूरदर्शी ऊर्जा नीति और समय रहते उठाए गए रणनीतिक कदम। आज स्थिति यह है कि भारत में कच्चे तेल, एलपीजी और एलएनजी की उपलब्धता एक महीने पहले की तुलना में काफी बेहतर हो चुकी है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में किसी प्रकार की ऊर्जा की कमी नहीं है और पेट्रोल, डीजल तथा रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह सुचारु बनी हुई है। यह कोई संयोग नहीं बल्कि सुनियोजित रणनीति का परिणाम है।



देखा जाये तो सबसे बड़ा बदलाव आया है ऊर्जा स्त्रोतों के विविधीकरण में। एक दशक पहले तक भारत केवल 27 देशों से कच्चा तेल लेता था, लेकिन आज यह संख्या बढ़कर 41 हो चुकी है। इसका सीधा मतलब है कि भारत अब किसी एक क्षेत्र पर निर्भर नहीं है। अमेरिका, रूस, कनाडा, नार्वे से लेकर अफ्रीकी देशों जैसे नाइजीरिया, अल्जीरिया और अंगोला तक भारत ने अपने ऊर्जा संबंधों का विस्तार किया है। एलएनजी के लिए कैमरून, इक्वेटोरियल गिनी और मोजाम्बिक जैसे नए साझेदार जुड़े हैं।

यही नहीं, रणनीतिक भंडारण की दिशा में भी भारत ने ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। पिछले 11 वर्षों में 5.3 मिलियन टन का रणनीतिक तेल भंडार तैयार किया गया है और अतिरिक्त क्षमता पर तेजी से काम चल रहा है। इसका मतलब यह है कि वैश्विक संकट के बावजूद भारत के पास आपूर्ति बनाए रखने के लिए पर्याप्त भंडार मौजूद है।

मोदी सरकार ने केवल आपूर्ति बढ़ाने पर ही ध्यान नहीं दिया बल्कि प्रबंधन को भी मजबूत किया। चौबीसों घंटे निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया और एक अंतर मंत्रालयी समूह रोज बैठक कर हालात का आकलन कर रहा है। जमाखोरी रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए गए और राज्यों को आवश्यक वस्तुओं की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया।

यहां सबसे महत्वपूर्ण पहलू है कूटनीतिक सक्रियता। प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी अरब, यूएई, कतर, ईरान और अमेरिका जैसे देशों के नेताओं से लगातार संपर्क बनाए रखा। इसका सीधा फायदा यह हुआ कि भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हुई और आपूर्ति बाधित नहीं हुई। यह वही देश हैं जिनसे भारत ने संकट के समय पहले भी सहयोग किया था और आज वही रिश्ते काम आए।

सामरिक दृष्टि से देखें तो यह पूरी स्थिति भारत की ऊर्जा सुरक्षा नीति की बड़ी परीक्षा थी। पश्चिम एशिया जैसे संवेदनशील क्षेत्र में तनाव का सीधा असर भारत पर पड़ सकता था, लेकिन भारत ने अपनी निर्भरता घटाकर इस खतरे को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया। अब होर्मुज मार्ग पर निर्भरता घटकर लगभग तीस प्रतिशत रह गई है।

इसके रणनीतिक निहितार्थ और भी गहरे हैं। भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि वैश्विक ऊर्जा कूटनीति का सक्रिय खिलाड़ी बन चुका है। अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों में बढ़ती मौजूदगी भारत को दीर्घकालिक सुरक्षा देती है। साथ ही पाइप्ड नेचुरल गैस जैसे विकल्पों को बढ़ावा देकर एलपीजी पर निर्भरता कम करने की दिशा में भी काम हो रहा है।

आम जनता पर इसका सकारात्मक असर साफ दिख रहा है। रसोई गैस की आपूर्ति जारी है, भले ही घबराहट में बुकिंग बढ़ने से डिलीवरी में चार से पांच दिन का समय लग रहा हो, लेकिन कहीं भी गैस खत्म होने की खबर नहीं है। किसानों के लिए उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है और पेट्रोल, डीजल की कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए उत्पाद शुल्क में कटौती की गई है।

यह पूरा घटनाक्रम एक बात साफ करता है कि मोदी सरकार ने ऊर्जा सुरक्षा को केवल नीतिगत मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम हिस्सा माना है। आज जब दुनिया के कई देश ऊर्जा संकट से जूझ रहे हैं तब भारत मजबूती से खड़ा है।

बहरहाल, विपक्ष को यह समझना होगा कि विदेश यात्राएं केवल फोटो खिंचवाने के लिए नहीं होतीं, बल्कि संकट के समय काम आने वाले रिश्ते बनाने के लिए होती हैं। और जब संकट आया, तो वही रिश्ते भारत के लिए कवच बन गए। यही है नई भारत की आक्रामक, आत्मविश्वासी और दूरदर्शी कूटनीति।

## सार-समाचार

### नवीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का नपाध्यक्ष और पार्षद ने किया भूमिपूजन

**35 लाख से 11 दुकानों का होगा नवनिर्माण, छः माह में प्रथम तल पर तैयार होगी दुकानें**



**अनोखा तीर, बड़वाह।** नगर के वार्ड क्रं 11 स्थित स्टेशन रोड़ पर नपा के पुराने मार्केट के प्रथम तल पर लोकेंद्र सेन की दुकान के ऊपर 35 लाख की लागत से नवीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण होगा। इस निर्माण के श्री गणेश के पूर्व बुधवार दोपहर 1 बजे भूमिपूजन किया गया। यह पूजन नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता और वार्ड पार्षद सुनील चौधरी के सानिध्य ने संपन्न हुआ। नगर पालिका सीएमओ कुलदीप किन्शुक ने बताया कि नवीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण लगभग 35 लाख की लागत से होगा। जिसमें कुल 11 दुकानों का निर्माण होगा। जिसकी आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है एवं दुकानों की नीलामी प्रक्रिया अनुमानित लागत के अनुसार बहुत जल्द शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि नपा परिषद द्वारा अपने अब तक के कार्यकाल में कई दुकानें और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के अलावा, नपा भवन, बस स्टैंड, गणगौर घाट, वार्डों में स्थित मंदिरों की बाउंड्रीवॉल निर्माण करवाए जा रहे हैं। जबकि आगे भी परिषद द्वारा नगर में आवश्यक निर्माण कार्य करवाने की रूप रेखा तैयार की गई है, जो आगामी महीनों में धरातल पर नजर आएगी। इस अवसर वार्ड पार्षद श्रीमती रजनी भंडारी, पार्षद प्रतिनिधि मुरली जायसवाल, रूपसिंह रावत, गौरव चौहान, नपा इंजीनियर नागेश्वर दत्त पांडे, करण अलावा, श्रीमती श्वेता सुमन उपस्थित रहे।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने सांदीपनी विद्यालय में की विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक

**समयसीमा में कार्य पूर्ण नहीं हुआ, तो वेतन रोकने की होगी कार्यवाही : कानूड़े**



**अनोखा तीर, बड़वाह।** स्थानीय शासकीय सांदीपनी विद्यालय सभा कक्ष में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कानूड़े की अध्यक्षता में हुई। जिसमें स्कूली शिक्षा विभाग अंतर्गत विकासखंड स्तरीय शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. परेश विजयवर्गीय ने संपूर्ण विकासखंड की ओर से नवीन शिक्षण सत्र के प्रथम दिवस समीक्षा बैठक के लिए पधारे जिला शिक्षा अधिकारी महोदय का स्वागत सम्मान किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रोफाइल अपडेशन, ओटीआर, फेल अकाउंट, नामांकन, अपार आईडी, प्रवेशोत्सव आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यालयवार प्राचार्यों से जानकारी ली। वहीं जिनके कार्य शेष हैं उन्हें आगामी दो दिवसों में कार्य पूर्ण करने की सख्त चेतावनी दी गई। जबकि समयसीमा में कार्य पूर्ण नहीं हुआ, तो वेतन रोकने की कार्यवाही प्रस्तावित करने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश भी दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालयों में सायकल वितरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर सायकलों का वितरण किया जाए, समस्त दर्ज विद्यार्थियों को भी नि :शुल्क पुस्तकों का वितरण समय से किया जाए, ताकि विद्यार्थी अप्रैल माह से ही आगामी कक्षा की पढ़ाई प्रारंभ कर सकें। समीक्षा बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रेवाराम वर्मा, बीआरसी मेवाराम बर्मन, सांदीपनी विद्यालय प्राचार्य श्रीमती हंसा कानूडे, उप प्राचार्य निर्मल चौधरी, डीएस चौहान, परीक्षा प्रभारी विशाल सिंह चौहान, विनय पाटिल आदि उपस्थित रहे।

### गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण व स्वास्थ्य परीक्षण सही समय पर करें : कलेक्टर

**बीएमओ और बीपीएम का एक-एक माह का वेतन कटेगा, दो एएनएम निलंबित**



**अनोखा तीर, खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बुधवार को पंधाना जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में उपस्थित डॉक्टर्स व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एवं उनकी प्रसवपूर्व स्वास्थ्य जांच निर्धारित समय पर की जाएं। समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने पंधाना के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार तथा बीपीएम पीएस डावर का एक–एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम आरूद की एएनएम श्रीमती रेशमा पांजरे और पंधाना शहर की एएनएम श्रीमती अनिता गोलकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत के अलावा जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल, डीपीएम शैलेंद्र सोलंकी, डॉ. शक्तिसिंह राठौर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि गांव की स्वास्थ्य कार्यकर्ता व सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गर्भावस्था के 9 माह के दौरान कम से कम 4 बार महिला का स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक रूप से किया जाए और उसकी जानकारी विभाग के पोर्टल पर आवश्यक रूप से दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि यदि गर्भवती महिला के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान महिला को स्वास्थ्य सम्बंधी कोई समस्या पाई जाती है, तो विकासखंड या जिला स्तर पर स्थित अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उसका उपचार कराया जाए, ताकि प्रसव के समय परेशानी न हो। उन्होंने एनीमिक गर्भवती महिलाओं के मामले में विशेष सावधानी बरतने के लिए डॉक्टर्स व एएनएम को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में कहा कि जिले की मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए हर संभव प्रयास करें। श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों का बेहतर उपचार किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को निर्देश दिए कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण का कार्य 15 अप्रैल तक पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सभी पात्र नागरिकों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कार्य 15 अप्रैल तक पूर्ण किया जाए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि ई–संजीवनी पोर्टल का बेहतर उपयोग किया जाए तथा दूरस्थ ग्रामों में स्थित अस्पतालों में आने वाले मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टर्स से टेली कंसल्टेशन के माध्यम से आवश्यक मार्गदर्शन दिलाया जाए।

**खरगोन बना पत्रकारों का महाकुंभ, जुटे प्रदेशभर के प्रतिनिधि**

# निष्पक्ष पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण, फिर भी निभा रहे दायित्व : तोमर

**अनोखा तीर, खरगोन।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने नगर में श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा आयोजित वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्र है। पत्रकार समाज की आंख और कान होते हैं, जो आमजन की पीड़ा और समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाते हैं। पत्रकारिता केवल खबर नहीं, समाज को दिशा देने का माध्यम श्री तोमर ने कहा कि पत्रकारों का दायित्व केवल घटनाओं का प्रकाशन नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देना और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने लेखनी में विश्वसनीयता और संतुलन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। कई बार जोखिम भी उठाने पड़ते हैं, बावजूद इसके पत्रकार अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। पत्रकारों को अपनी साख और पहचान बनाए रखने की जरूरत है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पत्रकारिता का मूल धर्म है कि वह गांव, गरीब और वंचित वर्ग की समस्याओं को प्रमुखता से उजागर करे। मीडिया को सरकार कोआईना दिखाते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। श्री तोमर ने कहा कि संपादकीय किसी भी अखबार की आत्मा होता है, जो उसकी सोच और दिशा को स्पष्ट करता है। एक सकारात्मक लेख समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकता है।





**पत्रकार सुरक्षा कानून पर दिया भरोसा:** पत्रकारों की सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि इस दिशा में शासन स्तर पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को मुख्यमंत्री के संज्ञान में फिर से लाया जाएगा। उन्होंने श्रमजीवी पत्रकार संघ के अनुशासन और संरचना की प्रशंसा करते हुए इसका श्रेय प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया को दिया, जो समर्पण के साथ संगठन का नेतृत्व कर रहे हैं। दो दिवसीय अधिवेशन चार चरणों में संपन्न हुआ। पहले दिन कार्यसमिति का प्रतिवेदन और लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया।

**इनकी रही विशेष उपस्थिति**

कार्यक्रम में विधायक बालकृष्ण पाटीदार, जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्रह्माने, नपाध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया, संयोजक रिजवान सिद्दीकी, परसराम चौहान, विजय मोरे, सदाशिव वर्मा, मनीष मडाहर, राधेश्याम पाटीदार, नीरज ठक्कर, संजय पाराशर, गोपाल जोशी, शुभम बगलाने, प्रवीण पाल, सहित अनेक पदाधिकारी एवं पत्रकार उपस्थित रहे। संचालन व आभार कार्यक्रम का संचालन गौतम मालवीय ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष सदाशिव वर्मा ने किया।



# निर्मल विद्यापीठ में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इनोवेशन लैब का भव्य शुभारंभ

**विद्यार्थियों के लिए भविष्य की शिक्षा की ओर सशक्त कदम**

**अनोखा तीर, बड़वाह।** स्थानीय निर्मल विद्यापीठ में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इनोवेशन लैब का भव्य शुभारंभ हुआ। इस लैब के अंतर्गत रोबोटिक्स लैब, एआई कोडिंग लैब एवं लैंग्वेज लैब की शुरुआत की गई, जो क्षेत्र में आधुनिक शिक्षा का एक नया अध्याय स्थापित करती है। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने ह्यूमनॉइड रोबोट से संवाद कर जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे और उनके उत्तर प्राप्त किए, जिससे उनमें विज्ञान एवं तकनीक के प्रति गहरी रुचि विकसित हुई। यह अनुभव बच्चों के लिए अत्यंत रोचक एवं प्रेरणादायक रहा। इस अवसर पर इंदौर से आमंत्रित रोबोटिक्स प्रशिक्षकों ने विभिन्न आधुनिक मॉडल्स का प्रदर्शन करते हुए उनके निर्माण की विधियां समझाईं। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीक के व्यावहारिक उपयोग और भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया। इस मौके पर विद्यालय संचालक प्रतीक जैन ने कहा कि निर्मल विद्यापीठ सदैव शिक्षा में नवाचार और गुणवत्ता के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह इनोवेशन लैब विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए शिक्षा में परिपूर्ण बनाएगी। वहीं प्राचार्य आशीष झा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस लैब के माध्यम से हम विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखेंगे, बल्कि उन्हें व्यावहारिक, तकनीकी और संप्रेषण कौशल में भी दक्ष बनाएंगे।



**भविष्य में इन रोबोटिक्स लैब का होगा व्यापक उपयोग:** इस रोबोटिक्स लैब में विद्यार्थियों को रोबोट डिजाइन, प्रोग्रामिंग एवं ऑटोमेशन की गहन जानकारी दी जाएगी। वे स्वयं रोबोट बनाना, सेंसर का उपयोग करना तथा वास्तविक जीवन की समस्याओं का तकनीकी समाधान तैयार करना सीखेंगे। इससे उनमें तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता और नवाचार की भावना विकसित होगी। जबकि एआई कोडिंग लैब विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग एवं कोडिंग की मूलभूत से उन्नत जानकारी प्रदान करेगी। बच्चे डेटा एनालिसिस, ऐप डेवलपमेंट एवं स्मार्ट सिस्टम्स बनाना सीखेंगे। जिससे वे भविष्य की डिजिटल दुनिया में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकेंगे। वहीं लैंग्वेज लैब में विद्यार्थियों के उच्चारण, शब्द भंडार, संवाद कौशल एवं आत्मविश्वास को विकसित किया जाएगा। आधुनिक ऑडियो-विजुअल तकनीकों के माध्यम से बच्चों को प्रभावी अंग्रेज़ी बोलना, सुनना और समझना सिखाया जाएगा, जो उनके करियर और व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि निर्मल विद्यापीठ की यह पहल क्षेत्र में शिक्षा को नई दिशा देने वाली सिद्ध होगी। यह न केवल विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाएगी, बल्कि उन्हें एक जागरूक, आत्मविश्वासी एवं नवाचारी नागरिक के रूप में विकसित करेगी।



## विद्यार्थियों ने स्कूल चले हम के तहत पहले दिन स्कूल में किया प्रवेश

- **छात्र-छात्राओं को पाठ्यपुस्तिका व साइकिल का भी किया वितरण**

**अनोखा तीर, खंडवा।** बिना शिक्षा के जीवन अधूरा है हम भी पढ़े और दूसरों को भी पढ़ाये कोई भी बालक-बालिका शिक्षा से वंचित न रहे, इसलिए सरकार शासकीय स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा के साथ पाठ्यपुस्तिका, ड्रेस एवं साइकिल तक उपलब्ध करा रही है। यह बात स्कूल चले हम के प्रथम दिन 1 अप्रैल को मोतीलाल नेहरू स्कूल में जिला स्तरीय स्कूल प्रवेश उत्सव के अवसर पर जिपंअध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेड़े ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक गणों को कही। श्रीमती वानखेड़े ने कहा कि पढ़ाई के लिए शासन की योजनाओं का लाभ लें और अच्छी पढ़ाई कर अपना व अपने परिवार का नाम रोशन करें। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि शिक्षा के लिए सभी सुविधाएं केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जा रही हैं। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्कूल चले अभियान के तहत 1 अप्रैल पहले दिन प्रवेश उत्सव आयोजित हुआ, अतिथियों द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, माला पहनाकर उनका स्कूल में स्वागत अभिनंदन कर पाठ्य पुस्तिका का निःशुल्क वितरण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी पी एस सोलंकी ने बताया कि स्कूल चले हम अभियान के प्रथम दिवस जिला स्तरीय आयोजन में विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल का वितरण भी जिपं अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, समाजसेवी धर्मेंद्र बजाज, सुनील जैन द्वारा किया गया। उसके साथ ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें भी उन्हें उपलब्ध कराई गई। समाजसेवी जैन ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भोपाल से दिखाया गया। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संबोधन दिया गया। 1 से 4 अप्रेल तक यह अभियान जारी रहेगा, जिसमें विभिन्न प्रेरणादायी आयोजन होंगे। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, सुनील जैन ने भी विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमती संगीता सोनवणे, श्रीमती कविता वर्मा, श्रीमती रुबियाअली, श्रीमती ज्योत्सना सोनी, बीएल वास्कले, राजेश भंगाले भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया व आभार एडीपीसी रमसा सुरभि शर्मा ने व्यक्त किया।

# नर्मदा की नई पाइपलाइन पूरी तरह सफल हुई, घर-घर पहुंच रहा नर्मदा का जल

**महापौर एवं जल विभाग के प्रभारी अध्यक्ष का पार्षदों ने किया स्वागत**

**अनोखा तीर, खंडवा।** बजट को लेकर नगर निगम सभागृह में परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा की अध्यक्षता एवं महापौर अमृता अमर यादव की उपस्थिति में बजट बैठक का आयोजन हुआ एवं सर्वसम्मति ध्वनी मत से बजट के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि चुने हुए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का दायित्व होता है कि क्षेत्र के विकास के साथ जनता को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना, उनकी समस्याओं का निराकरण करना। नगर निगम के चुनाव के समय सबसे महत्वपूर्ण समस्या पानी को लेकर थी। महापौर अमृता अमर यादव जब चुनाव प्रचार करती थीं तो क्षेत्र की जनता के साथ ही बड़ी संख्या में मातृशक्ति पानी के संकट को लेकर बात करती थीं, इस पानी की समस्या को उन्होंने गंभीरता से लिया और आज हर्ष का विषय है कि खंडवा की जनता को बिना रुकावट के नर्मदा की नई पाइपलाइन के माध्यम से जल प्राप्त हो रहा है इस भिषण गर्मी में भी जल संकट को लेकर कोई आंदोलन प्रदर्शन नहीं हो रहा है, यह इस बात का प्रतीक है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा स्वीकृत नर्मदा की नई पाइपलाइन सफल हुई है। शहर में जल वितरण को लेकर पांच नवीन टंकियां का निर्माण किया गया है, चार टंकियां से जलप्रदाय शुरू हो चुका है। शहर के मध्य के वार्डों में भी इतवारा बाजार की टंकी से जलप्रदाय को लेकर जनता खुश है और उन्हें पर्याप्त जल प्राप्त हो रहा है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस भिषण गर्मी में भी किराए के टैंकर नहीं लगे और लाखों रुपए की बचत निगम को हुई है, इस बात का परीचायक है कि हमारी दूसरी नर्मदा की लाइन पूरी तरह सफल हुई है। इस उपलब्धि में सबसे महत्वपूर्ण रूप से महापौर अमृता अमर यादव के साथ एमआईसी सदस्य एवं जल प्रभारी अध्यक्ष राजेश यादव, निगम आयुक्त प्रियंका राजावत एवं जल विभाग की पूरी टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। जिन्होंने पूरी पाइपलाइन कार्य पर नजर रखी जिससे 35 किमी. चारखेड़ा से खंडवा नई पाइपलाइन से शहर में जल वितरण सफल हुआ है। अभी इसमें और भी कार्य चल रहा है। बुधवार को परिषद सम्मेलन में शहर में अच्छी जलप्रदाय व्यवस्था को लेकर सभी पक्ष-विपक्ष पार्षदों ने महापौर अमृता अमर यादव एवं जल विभाग के प्रभारी अध्यक्ष राजेश यादव का स्वागत अभिनंदन कर उन्हें धन्यवाद दिया।



## हनुमान जयंती पर पांच दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ का होगा समापन



**अनोखा तीर, बड़वाह।** हनुमान जयंति के उपलक्ष्य में आदर्श नगर कालोनी स्थित अंबिकेश्वर महादेव मंदिर में पांच दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में प्रतिदिन आहुति दी जा रही है। इस आयोजन की शुरुवात कलश यात्रा से हुई। जिसके बाद प्रतिदिन दोपहर में अलग-अलग यजमानों द्वारा यज्ञ में आहुति दी जा रही है। इस दौरान स्थानीय और स्थानीय और बाहरी क्षेत्रों से आए श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ ले रहे हैं। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार शाम श्री खाटू श्याम जी की भजन संध्या का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें गायक कलाकारों ने देर रात तक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर भक्ति मय माहौल बना दिया। जबकि प्रतिदिन होने वाली आरती में सैकड़ों महिला, पुरुष युवतियां और युवा शामिल हो रहे हैं। जिनके लिए मंदिर परिसर में भंडारे प्रसादी का भी आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आदर्श कालोनी निवासी पं. द्वारका प्रसाद शर्मा के मार्गदर्शन में विगत कई वर्षों से कालोनी के अंबिकेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का आयोजन भव्य स्तर पर किया जाता है। जहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु अपनी श्रद्धा अनुसार यज्ञशाला की परिक्रमा लगाकर धर्मलाभ ले रहे हैं।

# चौदस पर जागी आस्था, फूलों से सजी मां रेणुका, छैगांवदेवी बना श्रद्धा का केंद्र

**अनोखा तीर, खंडवा।** इंदौर रोड स्थित छैगांवदेवी में रेणुका चौदस के मौके पर भक्ति और आस्था का अनोखा संगम देखने को मिला। तड़के से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया, जो दिनभर जारी रहा। विशेष पूजन, अभिषेक, हवन और प्रसादी वितरण के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि नवरात्र के नौ दिनों की साधना के बाद चौदस पर मां का विशेष श्रृंगार फूलों से किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। हवन के पश्चात कन्या भोज का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए और सेवा का लाभ लिया। पं. आनंद पारे ने बताया कि क्षेत्र में मां रेणुका के प्रति लोगों की गहरी श्रद्धा है। आसपास के गांवों के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु भी यहां परिवार सहित दर्शन के लिए रुकते हैं। कई परिवार मां को अपनी कुलदेवी मानते हैं और मनोकामना पूर्ण होने पर नारियल व अन्य सामग्री अर्पित करते हैं। बच्चों का तुलादान भी यहां की विशेष परंपरा में शामिल है। सुनील जैन ने बताया कि चौदस के अवसर पर खंडवा सहित आसपास के गांवों और अन्य जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर की प्राचीनता को लेकर मान्यता है कि यह स्थल करीब 700 वर्ष पुराना है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां रेणुका, महर्षि जमदग्नि की पत्नी और भगवान परशुराम की माता हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्राचीन काल में माता ने इसी स्थान पर तपस्या की थी, जिसके बाद यहां बसाहट शुरू हुई और गांव का नाम छैगांवदेवी पड़ा।



## सार-समाचार

# राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** वित्तीय जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेशनल सेंटर फॉर फाइनेंशियल एजुकेशन के तत्वावधान में स्थानीय शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में फाईनेनशियल अवेयरनेस एंड कंस्यूमर ट्रेनिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में गौर किशोर दास (सीएफपी



प्रमाणित) ने विद्यार्थियों को सरल एवं व्यवहारिक तरीके से वित्तीय विषयों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान बचत, बजट प्रबंधन, बैंकिंग सेवाएं, डिजिटल भुगतान, बीमा, निवेश एवं सरकारी योजनाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को वित्तीय निर्णय लेने के प्रति जागरूक किया गया तथा सुरक्षित एवं समझदारी से धन प्रबंधन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. सविता गुप्ता का विशेष सहयोग एवं सराहनीय योगदान रहा, जिनके समन्वय से कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हुआ। वहीं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. कमल वाधवा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन छात्रों को भविष्य में सही वित्तीय निर्णय लेने में सक्षम बनाते हैं तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम डॉ. दिनेश श्रीवास्तव, डॉ. मीना कीर, नीलू दुबे, डॉ. गरिमा दुबे, डॉ. अंजना यादव, डॉ. अमिता जोशी, डॉ. रवि उपाध्याय, डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. ममता गर्ग, डॉ. योगेश खंडेलवाल, डॉ. योगेंद्र सिंह, डॉ. मंजू मालवीय, मयंक रैकवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वाणिज्य, बीएइन बीएफएसआई एवं अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। अंत में विद्यार्थियों द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया दी गई और भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

# छात्रों को तिलक लगाकर मनाया प्रवेश उत्सव, पाठ्य पुस्तकें प्रदान की

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** स्थानीय शासकीय उच्चतर कन्या माध्यमिक शाला में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह व उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में प्रवेश लेने वाली नवागत छात्राओं का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर एवं मिष्ठान वितरण कर भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की




अध्यक्षता प्राचार्य संतोष कुमार ठाकुर ने की। उन्होंने नवागत छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह आधार है जो बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाती है। उन्होंने छात्राओं से नियमित रूप से विद्यालय आने तथा अध्ययन के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी छात्राओं का स्वागत किया एवं उन्हें बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अभिभावकगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यालय प्रशासन की। प्रवेश उत्सव के दौरान छात्राओं को पाठ्य-पुस्तकें, कॉपियां एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की गई।

# पुलिस ने अवैध शराब जप्त कर दो युवकों के खिलाफ की कार्रवाई

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** स्थानीय पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम लांघा बमोरी निवासी दो युवकों के कब्जे से कुल 21 हजार 328 रुपए कीमत की अंग्रेजी एवं देशी शराब जप्त की है। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी संतोष नागवंशी एवं पवन कुशवाहा को पकड़ा गया। पवन कुशवाहा के कब्जे से प्लेन शराब के 18 पाव, मसाला शराब के 19 पाव, अंग्रेजी शराब वोडका के 4 पाव तथा आइकोनिक व्हाइट अंग्रेजी शराब की 3 बोतलें जप्त की गईं, जिनकी कुल कीमत 6 हजार 288 रुपए बताई गई है। वहीं संतोष नागवंशी के कब्जे से इंपीरियल ब्लू की 3 बोतल, ब्लेंडर प्राइड की 2 बोतल, ऑफिसर चॉइस की 1 बोतल, आरएस रॉयल स्टैग की 1 बोतल, मैकडॉवेल नंबर 1 की 1 बोतल, मैकडॉवेल के 16 क्वार्टर तथा इंपीरियल ब्लू के 6 क्वार्टर जप्त किए गए, जिनकी कुल कीमत 15 हजार 40 रुपए है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बाजार क्षेत्र में सार्वजनिक प्याऊ शुरू, राहगीरों को मिलेगी राहत

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** नगर के व्यस्त बाजार क्षेत्र में गर्मी को देखते हुए सार्वजनिक प्याऊ (पेयजल व्यवस्था) का शुभारंभ किया गया। इस पहल से बाजार में आने-जाने वाले राहगीरों एवं आम नागरिकों को शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पूर्व पार्षद राकेश चौरसिया, पार्षद दीपक साहू, मुख्य नपा अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा, उपयंत्री बृजेश खानोतकर, एसडीओपी संजू चौहान सहित नगर परिषद के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बताया कि बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है, जिससे आमजन को राहत मिल सके। साथ ही नगर में अन्य स्थानों पर भी इसी प्रकार की पेयजल सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही गई। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम है।




## जनप्रतिनिधि की समझाइश भी बेअसर

# बीच सड़क पर पिकअप खड़ी कर उतारा जा रहा तरबूज, प्रशासन बेखबर

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** नगर में यातायात व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर लापरवाही सामने आई है। बीच सड़क पर पिकअप वाहन खड़ा कर फल विक्रेता द्वारा खुलेआम तरबूज की गाड़ी खाली की जा रही है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान न तो विक्रेता को पुलिस का कोई डर है और न ही नगर पालिका प्रशासन की कोई कार्रवाई नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि जिस सड़क पर यह पूरा घटनाक्रम हुआ, वहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं आवागमन करते हैं। इसके अलावा पास में ही जिला अस्पताल स्थित है, जहां पूरे जिले से मरीज एंबुलेंस के माध्यम से लगातार आते-जाते रहते हैं। ऐसे संवेदनशील मार्ग पर इस तरह बीच सड़क वाहन खड़ा कर माल



उतारना सीधे तौर पर यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहा है। घटना के दौरान एक जनप्रतिनिधि भी उसी रास्ते से गुजर रहे थे। उन्होंने विक्रेता को समझाइश देते हुए कहा कि वाहन को सड़क किनारे लगाकर माल खाली करें, ताकि यातायात प्रभावित न हो। लेकिन विक्रेता ने उनकी बात को भी अनसुना कर दिया और उसी तरह बीच सड़क पर तरबूज उतारने का काम जारी रखा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि इस तरह की लापरवाही आए दिन देखने को मिलती है। प्रशासन की अनदेखी के चलते ऐसे विक्रेताओं के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। नगरवासियों ने मांग की है कि इस मार्ग पर तत्काल यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और बीच सड़क पर वाहन खड़े कर सामान उतारने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# कन्या शाला की पूर्व प्रभारी प्राचार्य सेवानिवृत्त, भावभीनी विदाई दी

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** स्थानीय पीएम श्री शासकीय कन्या उमा विद्यालय में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षिका एवं संस्था की पूर्व प्रभारी प्राचार्य श्रीमती सायरा बानो खान के



सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम प्राचार्य श्रीमती सुनीता गढ़वाल के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने श्रीमती खान के उत्कृष्ट सेवा काल को याद करते हुए बताया कि उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जब वे शासकीय एसजेएल उत्कृष्ट विद्यालय सोहागपुर में पदस्थ थीं, तब उनके विषय का हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा परिणाम लगातार 12 वर्षों तक 100 प्रतिशत रहा, जो उनकी समर्पित शिक्षण शैली का प्रमाण है। प्राचार्य श्रीमती सुनीता गढ़वाल ने कहा कि श्रीमती खान का कार्यकाल अत्यंत सराहनीय रहा है। वे शांत, सरल, सहज और सौम्य व्यक्तित्व की धनी रहीं तथा विद्यार्थियों के बीच सदैव लोकप्रिय रहीं। उन्होंने अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय हंडिया जिला हरदा से की, इसके बाद आरएनए पिपरिया एवं सोहागपुर के एसजेएल उत्कृष्ट विद्यालय में भी अपनी सेवाएं दीं। कार्यक्रम में शिक्षक नितिन पचौरी ने उनके पारिवारिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका परिवार सदैव देश एवं समाज सेवा के लिए समर्पित रहा है। उनके एक भाई भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं। इस अवसर पर उनके परिवारजन भी उपस्थित रहे। विदाई समारोह में जन शिक्षक राजेश दीक्षित, अशोक गजजाम, लखन अहिरवार सहित समस्त स्टाफ ने खान मैडम के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक पवन खरे ने किया।

● स्कूल चले हम अभियान 2026 का शुभारंभ

# सांदीपनि विद्यालय में प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन

**अनोखा तीर, बुदनी।** मध्यप्रदेश सरकार के राज्य स्तरीय स्कूल चलें हम अभियान 2026 के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उमा विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम उत्साह, उमंग व गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया गया तथा प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया और चिन्हित बच्चों का नामांकन भी सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद, विधायक, नगर परिषद प्रतिनिधि एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पार्षदगण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही उत्कृष्ट शिक्षा एवं सामाजिक योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात शाला परिवार द्वारा अतिथियों, विद्यार्थियों एवं पालकों का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर एवं पुष्प वर्षा के



साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, प्रेरणा गीत एवं विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। विद्यालय परिसर में विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें ज्ञान, प्रकृति, पुस्तकालय, खेल, संगीत, व्यावसायिक शिक्षा एवं एनसीसी से संबंधित गतिविधियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। प्राचार्य श्रीमती सुधा सालोमन द्वारा अतिथियों को विद्यालय का भ्रमण कराया गया एवं शाला की उपलब्धियों, योजनाओं तथा भावी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में शाला परिवार की ओर से सभी अतिथियों, पालकों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य सुरेंद्र सिंह जामलिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, विद्यार्थी एवं पालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की। स्कूल चलें हम अभियान के प्रथम दिन विद्यार्थियों की अच्छी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी सफल एवं प्रभावी बना दिया।

## आज हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

# जय श्रीराम के जयकारों से गूंजेगा बुदनी

**अनोखा तीर, बुधनी।**

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आज पूरा नगर भक्ति और उत्साह में सराबोर नजर आएगा। सुबह से ही मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला जारी है। प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए विशेष भंडारे की व्यवस्था की गई है, जहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल बुदनी के तत्वावधान में शाम 4 बजे महाराणा प्रताप चौराहे से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचेगी। शोभा यात्रा में चार अखाड़ों द्वारा पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा पहली बार शस्त्र प्रदर्शन किया जाएगा, जो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेगा। मौनी बाबा ट्रस्ट समिति द्वारा शाम 5 बजे से कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। नगर के प्रमुख मार्गों को भगवा ध्वजों और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया है, जिससे हर ओर धार्मिक आस्था और उत्सव का माहौल बना हुआ है। आयोजन में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं सकल हिंदू समाज की अहम भूमिका है। आयोजकों ने सभी नगरवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# भीलट देव परिसर में छह-माही भविष्यवाणी, उमड़ा जनसैलाब

● बैसाख-ज्येष्ठ में दो बार बारिश, आषाढ़ से झमाझम, रोग-व्याधि का रहेगा जोर



**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** नर्मदापुरम-हरदा मुख्य मार्ग पर शहर से लगभग आठ किमी. दूर स्थित भीलट देव धाम में चैत्र चौदस के अवसर पर परंपरागत छह-माही भविष्यवाणी सुनने के लिए बुधवार को हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े। नीम के पेड़ के नीचे आयोजित अनुष्ठान में पड़िहार महाराज के माध्यम से भीलट बाबा ने आगामी छह माह का संकेत दिया। भविष्यवाणी के मुख्य बिंदु- बैसाख और ज्येष्ठ माह में दो बार पानी गिरेगा ज्यादा वर्षा की शुरुआत आषाढ़ से होगी। आधे ज्येष्ठ में हल्की-फुल्की बूंदाबांदी के आसार इस अवधि में रोग-बीमारियों का प्रकोप रहेगा, धर्म-पुण्य करते रहेंगे तो आने वाले संकट को बाबा टालते रहेंगे पड़िहार ने बाबा का संदेश दोहराया। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष चैत्र चौदस और शारदीय नवरात्रि की सप्तमी पर भीलट बाबा पड़िहार के शरीर में आकर छह-छह महीने की भविष्यवाणी करते हैं, जिसमें हवा-पानी, फसल, व्यापार और जन-स्वास्थ्य से जुड़े संकेत शामिल होते हैं। यात्रा निकालने के बाद भविष्यवाणी सुनाई गई। आस्था का केंद्र स्थानीय मान्यता में कई लोग भीलट देव को नाग अवतार तो कई योगी संत का अवतार मानते हैं।

# स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव...

## तिलक लगाकर पुष्पमाला से किया बच्चों का अभिनंदन



**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** स्थानीय शासकीय एकीकृत प्राथमिक शाला में बुधवार को प्रवेश उत्सव का आयोजन हरसोल्लास के साथ किया गया। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के अवसर पर विद्यालय में पधारे नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं पुष्प-माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शाला के प्रधानपाठक एवं शिक्षकगण द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर पाठ्य पुस्तक वितरण एवं स्कूल बैग देकर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को विद्यालय परिसर की जानकारी दी गई तथा उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों के चेहरे पर उत्साह एवं खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रकवि माखनलाल चतुर्वेदी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** स्थानीय शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में 1 अप्रैल 2026 को भवानी प्रसाद मिश्र की जन्म जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 29 मार्च से 4 अप्रैल तक हिंदी विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मां सरस्वती की पूजन, दीप प्रज्वलन एवं भवानी प्रसाद मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि साहित्य जगत के तीन पुरोधा भवानी प्रसाद मिश्र, हरिशंकर परसाई, माखनलाल चतुर्वेदी हमारे जिले से हैं। भवानी प्रसाद मिश्र की सन्नाटा



कविता का सृजन भी यही हुआ था। राष्ट्रकवि माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म जयंती 4 अप्रैल को है। इस सप्ताह में हिंदी विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों संचालित की जा रही है। महाविद्यालय के पुस्तकालय एवं विभागीय महाविद्यालय में इन साहित्यकारों की उपलब्ध कृतियों से शोधार्थी एवं विद्यार्थी लाभान्वित हो सकते हैं। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पा दुबे ने भवानी प्रसाद मिश्र के जीवनवृत्त एवं साहित्यिक कृतियों पर प्रकाश डाला। डॉ. श्रुति गोखले ने भवानी प्रसाद मिश्र की कविता गीत फरोश एवं आज पानी गिर रहा है कविता का काव्य पाठ किया। इस अवसर पर स्नातकोत्तर हिंदी विभाग की छात्राओं ने सतपुड़ा के घने जंगल कविता का समवेत स्वर में गायन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. कीर्ति दीक्षित ने किया एवं आभार सुश्री काजल बाथरे ने माना। इस अवसर पर शोधार्थी यतींद्र द्विवेदी, वर्षा पुरोहित, खुशबू चौहान, वंशिता चौहान, एचडी शोधार्थी एवं हिंदी विभाग की छात्राएं उपस्थित रही।

# पीएम श्री कन्या विद्यालय में मनाया प्रवेश उत्सव







**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।**

स्थानीय पीएम श्री शासकीय कन्या उमा विद्यालय में बुधवार को प्रवेश उत्सव 2026 कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनप्रतिनिधि क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सावित्री बाई परनामे, जिला उपाध्यक्ष भाजपा निखिलेश चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, पार्षद श्रीमती रूकमणी साहू, मंडल महामंत्री संजय अग्रवाल, जनप्रतिनिधि सुरेन्द्र मालवीय, सुरेश यादव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुषमा पीपरे, संस्था प्राचार्य निधीश कुमार गुरू, अभिभावक गण व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर प्रारंभ किया गया। उसके पश्चात छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर विधायक ने आयोजित प्रवेश उत्सव 2026 कार्यक्रम में शामिल होकर नन्हें विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं पुष्पवर्षा से स्वागत किया। बच्चों को मप्र शासन से प्राप्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। तथा सभी को नये शैक्षणिक सत्र की यात्रा के लिए ढेरों शुभकामनाएं प्रेषित की। शिक्षा ही सफलता की पहली सीढ़ी है आइए मिलकर बच्चों के सपनों को पंख दें। कार्यक्रम में सभी उपस्थित विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरण किया गया। तथा सभी कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को विशेष भोज कराया गया। कार्यक्रम का संचालन व अतिथियों का आभार व्यक्त शाला के वरिष्ठ शिक्षक आविष्कार शर्मा द्वारा किया गया।

# अनुशासित जीवन जीने वाले बच्चे जीवन में कभी असफल नहीं होते: उपमुख्यमंत्री

## उपमुख्यमंत्री ने शाला प्रवेशोत्सव-2026 कार्यक्रम में कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिल का किया वितरण




**अनोखा तीर, देवास।** उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने देवास शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-03 में स्कूल चलें हम अभियान के तहत नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव 2026 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल, पुस्तकें एवं पाठ्य सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर महापौर गीता अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, दुर्गेश अग्रवाल, संजय दायमा, भेरूलाल अटारिया, राजेश यादव, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण, शिक्षकगण व बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने शाला-प्रवेशोत्सव 2026-27 के अवसर पर सभी बच्चों को नवीन शिक्षण सत्र की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि आज उपस्थित सभी बच्चे अत्यंत भाग्यशाली हैं। प्रदेश सरकार द्वारा अब प्रत्येक बच्चे को स्कूल भवन, खेल का मैदान, ड्रेस, पुस्तकें एवं अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जन-सहयोग से स्कूल निर्माण एवं अस्पताल विकास सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि यहां उपस्थित सभी बच्चे प्रतिभावान हैं और ये देश का भविष्य हैं। इनमें से कोई डॉक्टर, वैज्ञानिक, बड़ा अधिकारी अथवा इंजीनियर बनेगा। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि आज बहुत खुशनुमा समय है, जब बच्चे स्कूल में प्रवेश कर रहे हैं। स्कूल में प्रवेश के बाद बच्चों की भविष्य की दिशा तय होती है कि वह आगे क्या बनेगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। कक्षा प्रथम में प्रवेश करने वाले नवीन बच्चों को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल एवं निःशुल्क पुस्तकें वितरित की। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने सनफॉर्मा कंपनी द्वारा सीएसआर मद से विद्यालय में ई-कंटेन के साथ एलईडी पैनल लगाई, जिसका शुभारंभ किया गया। अभियान में प्रदेश में 1 से 4 अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम होंगे।



**अनोखा तीर, बैतूल।** दैनिक अनोखा तीर द्वारा प्रकाशित 'सबके डॉ. मोहन यादव' पत्रिका की प्रति कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी को बैतूल ब्यूरो आशीष शर्मा ने भेंट की।




**अनोखा तीर, बैतूल।** दैनिक अनोखा तीर द्वारा प्रकाशित 'सबके डॉ. मोहन यादव' पत्रिका की प्रति पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन को बैतूल ब्यूरो आशीष शर्मा ने भेंट की।



अनोखा तीर, बैतूल। दैनिक अनोखा तीर द्वारा प्रकाशित 'सबके डॉ. मोहन यादव' पत्रिका की प्रति जनसंपर्क अधिकारी रोमिल उईके को बैतूल ब्यूरो आशीष शर्मा ने भेंट की।

## कन्यादान विवाह महोत्सव में 15 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

### महिला मंडल ने माता पूजन के साथ शुरू की तैयारियां



**अनोखा तीर, बैतूल।** क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज सेवा संगठन के तत्वाधान में इस वर्ष कन्यादान विवाह महोत्सव की नई पहल शुरू की गई है। 15 मई को आयोजित होने वाले इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 15 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। आयोजन में सेवा संगठन कुंबी समाज (पुरुष) एवं महिला समाज संगठन का विशेष सहयोग रहेगा। महोत्सव की शुरुआत महिला मंडल द्वारा माता पूजन एवं गणेश पूजन के साथ की गई। इस दौरान समाज की महिलाओं ने विवाह में उपयोग होने वाली सभी आवश्यक सामग्री जैसे बांसिंग, माला, गमछे, दवड़ी, झीबला, झीबा, रई, पान हार, मेहंदी, हल्दी, चूड़ी, बिंदी और गजरा आदि की खरीदारी भी पूरी कर ली। साथ ही माता गौरी का पूजन कर उन्हें मेहंदी, हल्दी और चूड़ा अर्पित किया गया तथा ओटी भरकर सुख-समृद्धि और सौभाग्य की कामना की गई। सभी महिलाएं अपनी-अपनी टीमों के साथ सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटी हुई हैं और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। समाज संगठन का उद्देश्य विवाह में होने वाले अनावश्यक खर्च और दिखावे की परंपरा को समाप्त करना है।

## कांग्रेस नेताओं ने पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. सुभाष यादव को दी श्रद्धांजलि



**अनोखा तीर, कांटाफोड़।** हरित क्रांति के अग्रदूत, पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. सुभाष यादव की 80वीं जन्मजयंती पर उनके गृह ग्राम बोरावां पहुंचकर पीसीसी सदस्य मनोज श्याम होलानी ने साथियों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश अमोदिया, मंडी डायरेक्टर मुकेश राठौर, श्रीनिवास तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष लाल पटेल उदय, नगर ब्लॉक अध्यक्ष नारसिंह मुजाल्दे, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पटवारी, त्रियुगी जोनवाल, गुरमीत भाटिया, रमेश यादव उपस्थित रहे।

## सार-समाचार


### डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार खेल कौशल

#### रामापुरा ढोडरामऊ में आयोजित हुई चिटकोरा और कबड्डी प्रतियोगिता

**अनोखा तीर, बैतूल।** ग्राम रामापुरा ढोडरामऊ में तीन दिवसीय जय श्री खारदेव बाबा मेला आयोजित किया गया। मेले में 30 मार्च से चिटकोरा प्रतियोगिता शुरू हुई, जो 31 मार्च शाम तक चली। चिटकोरा प्रतियोगिता में पहले स्थान के लिए 7771 रुपये का पुरस्कार महेन्द्रसिंह इरपाचे जनपद सदस्य, रामेश्वर अखण्डे सरपंच टोडरामऊ और बिसराम काजले उपसरपंच ढोडरामऊ की ओर से दिया गया। दूसरे स्थान के लिए 6661 रुपये मेला आयोजन समिति की ओर से दिए गए। तीसरे स्थान के लिए 5551 रुपये सुरेन्द्र यादव, मनिराम काजले और कमलेश काजले की ओर से रखे गए। चौथे स्थान के लिए 4441 रुपये संसुराम लविस्कर रामापुरा, पुनमसिंह कलमे रामापुरा और मुलजी चौहान रामापुरा द्वारा दिए गए। पांचवे स्थान के लिए 3331 रुपये रामगोपाल कलमे शिक्षक रामापुरा और बिहारी काजले शिक्षक ढोडरामऊ की ओर से दिए गए। छठे स्थान के लिए 2221 रुपये अमरलाल मवासे, हरिराम मवासे और मंशाराम लविस्कर की ओर से दिए गए। सातवें स्थान के लिए 1551 रुपये बुधराम कास्दे वस्त्र भंडार और प्रेमलाल लविस्कर रामापुरा द्वारा दिए गए। इसके अलावा 1501 रुपये का पुरस्कार चिरौंजीलाल यादव शिक्षक ढोडरामऊ और बलवंत यादव पाण्ड्रासेल द्वारा दिया गया। 1111 रुपये का पुरस्कार गुलाब यादव ऑटो पार्ट्स पाण्ड्रासेल की ओर से रखा गया। साज-सज्जा जय मां साज सजावट काजले टेन्ट हाउस और कमलेश काजले द्वारा की गई। 1111 रुपये का पुरस्कार नीलकंठ युवा समिति खेड़ापुरा तथा 1111 रुपये का पुरस्कार रामभरोष काजले पंच रामापुरा की ओर से रखा गया। मंच संचालन प्रकाश धुर्वे डिप्टी, बिहारीलाल काजले शिक्षक और सीताराम लविस्कर शिक्षक बारासेल ने किया। मण्डलियों को पारंपरिक वेशभूषा के साथ आने और आदिवासी नृत्य को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए थे, जबकि मण्डलियों के लिए भोजन व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की गई। इसी के साथ 29 मार्च से डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। पहले स्थान के लिए 5551 रुपये का पुरस्कार शैलेश काजले आपरेटर, विजय कास्दे, नितिन काजले, सुभाष काजले और संजू लविस्कर की ओर से दिया गया। दूसरे स्थान के लिए 4441 रुपये दिनेश कहार किराना स्टोर, गणेश विश्वकर्मा कमलेश काजले ठेकेदार और मुकेश कलमे रामापुरा द्वारा दिए गए। तीसरे स्थान के लिए 3331 रुपये विनोद कलमे शिक्षक, सुनिल कुमरे ढोडरामऊ और रामविलास काजले खेड़ापुरा की ओर से दिए गए। चौथे स्थान के लिए 2221 रुपये निलेश काजले रामापुरा और ललन मवासे रामापुरा द्वारा दिए गए। पांचवे स्थान के लिए 1501 रुपये अशोक कलमे रामापुरा और सज्जनसिंह मवासे रमापुरा द्वारा दिए गए। 1101 रुपये का पुरस्कार तुलसीराम पप्पू काजले मिस्त्री रामापुरा तथा 1001 रुपये का पुरस्कार राहुल काजले रामापुरा और रामू लविस्कर रामापुरा की ओर से दिया गया। मैच रेफरी रामेश्वर बारस्कर, जयपाल इरपाचे और विनोद यादव रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती गंगा उइके क्षेत्रीय विधायक, मंगलसिंह धुर्वे पूर्व विधायक, श्रीमती विलकिश विरेन्द्रप्रताप बारस्कर जिला पंचायत सदस्य और विशालसिंह ठाकुर भाजपा नेता मौजूद रहे।

## आज निकलेगी श्री मेंहदीपुर बालाजी की भव्य स्वर्ण रथ यात्रा

### - रामलला, आदियोगी शिव और बाहुबली हनुमानजी की झांकियां बढ़ाएंगी आकर्षण



**अनोखा तीर, बैतूल।** श्री मेंहदीपुर बालाजी भक्त मंडल समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज गुरुवार 2 अप्रैल को शाम 5 बजे श्री मेंहदीपुर बालाजी की भव्य स्वर्ण रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा कोठी बाजार स्थित श्री अर्जी वाले हनुमानजी मंदिर, न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड के सामने से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए गंज के बड़ी माता मंदिर पर समाप्त होगी। समिति के अनुसार इस वर्ष रथ को स्वर्ण आभा के साथ विशेष नक्काशी और रंग-रोगन कर आकर्षक रूप दिया गया है, जिसे स्थानीय कलाकारों ने तैयार किया है। अयोध्या से पधारे महामंडलेश्वर राघवदास जी महाराज पहली महाआरती में शामिल होकर बालाजी महाराज की आरती करेंगे। रथयात्रा में इस बार विशेष झांकियों का समावेश किया गया है। अयोध्या के रामलला की प्रतिकृति, कोयंबटूर के आदियोगी शिव की झांकी तथा बाहुबली हनुमानजी अपनी वानर सेना के साथ आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यात्रा में महिला और पुरुष श्रद्धालु अलग-अलग रस्सों से रथ खींचेंगे, जिनकी लंबाई भी बढ़ाई गई है। समिति के कार्यकर्ता सुरक्षा और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालेंगे। बैतूल के न्यू भारत बैंड, न्यू विजय धमाल बैंड, रंगीला बैंड और बालाजी डीजे भजनों व संगीत से माहौल भक्तिमय बनाएंगे। रथयात्रा के दौरान पांच स्थानों पर महाआरती होगी, जिनमें अर्जी वाले हनुमान मंदिर, दीक्षित निवास थाना रोड, लल्ली चौक, बिजासनी माता मंदिर और गंज स्थित माता मंदिर शामिल हैं। लल्ली चौक पर विशेष आतिशबाजी भी की जाएगी और आरती के बाद पवित्र जल के छींटे दिए जाएंगे। समिति द्वारा पंचमेवा, पांच प्रकार के लड्डू और हलवा का महाभोग अर्पित कर भक्तों में महाप्रसादी वितरित की जाएगी। साथ ही चांदी के छत्र, चरण और जनेऊ से सुसज्जित रथ श्रद्धा का केंद्र बनेगा। भक्त रथयात्रा के दौरान लाल कपड़े में सिक्के, चावल और मनोकामना पत्र के साथ अपनी अर्जी भी चढ़ा सकेंगे, जिन्हें समिति द्वारा मेंहदीपुर बालाजी धाम राजस्थान भेजा जाएगा।

### नयापुरा भवानी सागर में हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भंडारा आज

## हनुमान जन्मोत्सव आज, शहर भर में होंगे विविध आयोजन

**अनोखा तीर, देवास।**

पावन हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर शहर के नयापुरा (भवानी सागर) स्थित शिव सिद्धवीर हनुमान मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन 2 अप्रैल को शाम 6 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। हनी ग्रुप द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है, वहीं भक्तिमय वातावरण के लिए भजन-कीर्तन की भी व्यवस्था की गई है। ग्रुप सदस्यों ने शहरवासियों एवं आसपास के श्रद्धालुओं से सपरिवार एवं इष्टमित्रों सहित कार्यक्रम में पधारकर प्रसादी ग्रहण करने का आग्रह किया है।



### श्री पशुपतिनाथ रुद्र हनुमान मंदिर में 2 व 3 अप्रैल को होंगे विविध आयोजन

शहर के श्री पशुपतिनाथ रुद्र हनुमान मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन 2 एवं 3 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर समिति एवं भक्त मंडल द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। 2 अप्रैल गुरुवार को बाबा का पंचाभिषेक, 56 भोग एवं आरती सुबह 10 बजे से होगी। वहीं 3 अप्रैल शुक्रवार को विशेष श्रृंगार, पांच बार संगीतमय पाठ, भजन-कीर्तन एवं आरती का आयोजन सुबह 9.30 बजे से किया जाएगा। इसके साथ ही महाप्रसादी का वितरण सुबह 11.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों की उपस्थिति में बाबा की आरती होगी।

### श्री पंचमुखी धाम आगरोद में हनुमान जन्मोत्सव पर कलश स्थापना, शोभायात्रा एवं भंडारे का आयोजन

श्री पंचमुखी धाम में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नव निर्मित मंदिर शिखर पर कलश स्थापना, भव्य शोभायात्रा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। धाम में विगत सात दिनों से श्री सीताराम हनुमान महायज्ञ का आयोजन चल रहा है, जिसकी पूर्णाहुति 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन होगी। यज्ञ के दौरान कलश देवता की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य भी निरंतर जारी है। प्राण-प्रतिष्ठित कलशों को हनुमान जयंती के दिन मंदिर के नवनिर्मित शिखर पर विधिवत स्थापित किया जाएगा। शोभायात्रा में उज्जैन से आए अखाड़ों द्वारा आकर्षक करतब भी प्रस्तुत किए जाएंगे। यह शोभायात्रा सायं 6 बजे पुनः पंचमुखी धाम पहुंचेगी, जिसके पश्चात भव्य एवं दिव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### श्री यशवंत राव व्यायामशाला में होगी विशेष आरती

शहर की प्रसिद्ध श्री यशवंत राव व्यायामशाला में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह एवं शाम को भगवान हनुमान जी की विशेष आरती की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसके साथ ही शाम के समय भक्तों के लिए प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा।

### सामूहिक महाआरती एवं प्रसादी का होगा आयोजन

भगवान हनुमान जी की जन्मतिथि पर आज कैला देवी मंदिर में प्रतिष्ठित हनुमानजी की भव्य प्रतिमा स्थल पर मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में अनुष्ठान पूजन के साथ शाम 6.30 बजे होगी। भव्य सामूहिक महाआरती एवं प्रसादी वितरण का आयोजन कैला देवी मंदिर उत्सव समिति के तत्वाधान में होगा।

## वार्ड 22 में स्ट्रीट लाइट बंद, सडकों पर गड्ढे और जलभराव से रहवासी परेशान

### एक वर्ष से लंबित शिकायत पर कार्रवाई नहीं, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग तक पहुंचा मामला

**अनोखा तीर, देवास।**

नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 22 में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर रहवासियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। कृष्णा डेरी से लेकर रुद्राक्ष कॉलोनी गेट तक स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण पूरे क्षेत्र में अंधेरा पसरा हुआ है, जिससे रात के समय आवागमन में गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम नगर पार्ट 2 निवासी गोपाल अग्रवाल ने मुख्य सचिव मप्र शासन, कलेक्टर व आयुक्त को पत्र लिखकर बताया कि क्षेत्र में प्रदूषित पानी की निकासी के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है और बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर गया है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। वहीं कबीट वाले बाबा के पास टर्निंग पॉइंट पर खुदी हुई सड़क स्थिति को और खराब कर रही है। इसी मार्ग से बाबा खाटू श्याम जी के दर्शनार्थ आने-जाने वाले भक्तों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

श्री अग्रवाल ने बताया कि इस संबंध में पूरा प्रकरण राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, भारत सरकार तक पहुंचाया जा चुका है। आयोग द्वारा कलेक्टर देवास के माध्यम से नगर पालिका निगम को भेजा गया यह मामला पिछले लगभग 5 माह से लंबित है, जबकि कुल मिलाकर शिकायत को एक वर्ष से अधिक समय हो चुका है। प्रकरण क्रमांक 2754/12/14/27/10/2025 के तहत कई बार मीडिया द्वारा भी इस मुद्दे को उठाया जा चुका है, बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि वे नगर निगम को निर्धारित शुल्क समय पर जमा करते हैं, फिर भी उनके क्षेत्र की लगातार उपेक्षा की जा रही है। आयुक्त से मांग की है कि इस समस्या को प्राथमिकता में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निर्देश दिए जाएं, ताकि क्षेत्र की मूलभूत सुविधाएं बहाल हो सकें।

## शॉर्ट एनकाउंटर में पकड़ाया चाय कारोबारी का हत्यारा आसिफ

### भोपाल पुलिस बोली- फायरिंग कर भाग रहा था; हिंदू संगठन ने की बुलडोजर चलाने की मांग

**भोपाल।** भोपाल में 35 वर्षीय चाय कारोबारी विजय राजपूत मेवाड़ा (बिट्टू) की हत्या करने के मुख्य आरोपी आसिफ उर्फ बम को शॉर्ट एनकाउंटर के बाद पकड़ लिया गया है। इससे पहले पुलिस ने तीन संदेहियों फरमान, कालू और इमरान को गिरफ्तार किया था। आसिफ ने अशोका गार्डन इलाके में रविवार रात विजय की चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। उसकी गिरफ्तारी और मकान पर बुलडोजर चलाने के लिए हिंदूवादी संगठनों ने बुधवार सुबह 11.30 बजे प्रदर्शन शुरू किया था, जो दोपहर 1 बजे तक चला।

भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार के मुताबिक, इसी प्रदर्शन के दौरान पुलिस को आसिफ के रातीबड़ इलाके में होने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी की तो आसिफ ने फायरिंग कर दी। दोपहर 12:00 से 12 :15 बजे तक शॉर्ट एनकाउंटर चला, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी। इसके बाद उसे पकड़ लिया गया। आसिफ को भोपाल के हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके खिलाफ 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं। मौके से पुलिस ने एक पिस्टल भी जब्त की है।

### मंत्री सारंग बोले- हत्यारे को फांसी मिलनी चाहिए

मंगलवार रात मंत्री विश्वास सारंग, विजय के घर पहुंचे थे और परिजन को ढांढस बांधा था। उन्होंने कहा- यह बहुत ही वीभत्स घटना हुई है। मैं स्वयं पीड़ित परिवार से मिला था। विजय बहुत ही होनहार युवा थे। एक गलत घटना को अंजाम दिया गया है। हत्यारे को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। बिना बात, बिना किसी कारण के एक होनहार युवा की हत्या की गई, जो सहन नहीं किया जाएगा।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

## सार-समाचार

### पिपलानी जा रही बारात पर मधुमक्खियों का हमला

**11 लोग घायल, वाहन छोड़कर भागा ड्राइवर**

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र के ग्राम पोखरनी के पास बुधवार दोपहर मधुमक्खियों के हमले में तीन महिलाओं सहित आठ बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। घटना उस समय हुई जब हरदा की मदीना कॉलोनी निवासी शेफ पिता फातिब खान की बारात खंडवा जिले के ग्राम



पिपलानी जा रही थी। बारात में शामिल एक टवेरा वाहन में महिलाएं और बच्चे सवार थे। रास्ते में पोखरनी गांव के पास पेड़ की छांव देखकर गाड़ी रोकी गई, ताकि बच्चे शौच कर सकें। इसी दौरान पेड़ पर लगे मधुमक्खी के छत्ते से अचानक मधुमक्खियां भड़क गईं और वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। हमले के दौरान वाहन चालक मौके से भाग गया, जबकि महिलाएं और बच्चे जान बचाकर इधर-उधर भागे। घायलों में चारुवा और मानपुरा क्षेत्र के लोग शामिल हैं। चारुवा निवासी शमीम बानो ने बताया कि वे बारात में शामिल थीं। डॉक्टरों के अनुसार, कुछ बच्चों को उल्टी-दस्त की शिकायत के चलते एसएनसीयू में भर्ती किया गया है, जबकि अन्य घायलों का उपचार महिला एवं बाल वार्ड में किया जा रहा है।

### सचिव पर जान से मारने की धमकी का आरोप

**चौकीदार बोला गवाही देने पर धमकाया**

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा में जनपद सचिव अशोक जाट और विधायक प्रतिनिधि राहुल पटेल के बीच चल रहा विवाद अब और बढ़ता जा रहा है। मंगलवार शाम एक नया मोड़ तब आया, जब जनपद के चौकीदार अभिषेक चौहान ने सिटी कोतवाली थाने में सचिव अशोक जाट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। चौकीदार अभिषेक चौहान का आरोप है कि सचिव अशोक जाट ने उन्हें गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। उनका कहना है कि यह धमकी विधायक प्रतिनिधि राहुल पटेल और सचिव के बीच हुए विवाद में गवाही देने को लेकर दी गई है। यह मामला कुछ दिनों पहले शुरू हुआ था, जब ग्राम पंचायत कोलीपुरा के सचिव अशोक जाट और विधायक प्रतिनिधि राहुल पटेल के बीच विवाद और मारपीट हुई थी। इसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ सिटी कोतवाली थाने में केस दर्ज कराए थे।

### पेयजल स्रोत के पास शौचालय निर्माण

**व्यापारी संघ ने जताया विरोध**

**अनोखा तीर, सिराली।** नगर परिषद द्वारा पुराने ग्राम पंचायत भवन के पास प्रस्तावित सार्वजनिक सुलभ शौचालय निर्माण को लेकर स्थानीय व्यापारियों और नगरवासियों में विरोध बढ़ गया है। बुधवार को फुटकर व्यापारी संघ ने तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर निर्माण स्थल बदलने की मांग की। संघ के सचिव आशीष पंवार ने बताया कि प्रस्तावित शौचालय स्थल के समीप नल-जल योजना का लगभग 40 वर्ष पुराना बोरवेल स्थित है, जिससे नगर की करीब 75 प्रतिशत आबादी को पेयजल आपूर्ति होती है। ऐसे में बोरवेल के पास शौचालय निर्माण से जल स्रोत के दूषित होने की आशंका जताई गई है। व्यापारी संघ ने अपने



ज्ञापन में इंदौर के भगीरथपुरा क्षेत्र में हुए जल प्रदूषण के मामले का हवाला देते हुए कहा कि यदि समय रहते स्थल नहीं बदला गया तो सिराली में भी ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उनका कहना है कि भविष्य में सेप्टिक टैंक या ड्रेनेज रिसाव के कारण दूषित पानी भूजल में मिल सकता है, जिससे डायरिया, उल्टी-दस्त जैसी जलजनित बीमारियां फैलने का खतरा रहेगा। संघ ने प्रशासन से मांग की है कि प्रस्तावित निर्माण कार्य को तत्काल रोका जाए, विशेषज्ञों से तकनीकी जांच कराई जाए और शौचालय का निर्माण पेयजल स्रोत से दूर किसी सुरक्षित स्थान पर किया जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारी और नगरवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान शेख असलम, भोले शंकर कुशवाहा, सतनारायण सुचार, शैतान सिंह कोसा, दिनेश नामदेव, महेंद्र मालवीय, अनिल कुशवाहा, सतीश कुशवाह, योगेश कुशवाह, लाल कुशवाह, मंगेश कुशवाहा, अखिलेश कुशवाहा, दीपक कुशवाह और गोलू कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं नगरवासी मौजूद रहे।

### भाजपा ने मनोनीत एल्डरमेनो का किया स्वागत



**अनोखा तीर, हरदा।** भारतीय जनता पार्टी के कमल कुंज कार्यालय में नगर पालिका के मनोनीत एल्डरमेनो के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की जानकारी नगर मंडल अध्यक्ष नितेश बादर ने दी। इस अवसर पर प्रियांका दुबे, मनसुख लोहाना, शेखर रघुवंशी, नरेंद्र सैनी और नवीन असरानी का पुष्पमालाओं एवं सम्मान के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला महामंत्री बसंत राजपूत, नगर महामंत्री सौरभ तिवारी, पुरुषोत्तम झिंझोरे, गोलू वावने, भूपेंद्र तोमर, नागेंद्र मल्होत्रा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी वक्ताओं ने मनोनीत एल्डरमेनो को बधाई देते हुए नगर विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की।

**किसानों को भारी नुकसान**

# नरवाई की आग से तबाही

**● डोलरिया में खेत के मकान रखे भूसे में भी लगी आग, 3 ट्राली भूसा जला**

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम/डोलरिया।**

जिले के डोलरिया क्षेत्र में नरवाई में लगी भीषण आग से किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। हजारों एकड़ में फैली आग से खेतों में खड़ी फसल, भूसा और हरी घास जलकर राख हो गई। कई किसानों के मकान और पशुओं के चारे भी आग की चपेट में आ गए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में चिंता का माहौल बन गया है। डोलरिया में खेत के मकान में रखे भूसे में भी आग लग गई, जिससे 3 ट्रॉली भूसा जल गया। किसान जितेंद्र राजपूत ने बताया कि सेल रोड स्थित उनके खेत में रखे भूसे में अचानक आग लग गई।



नरवाई की आग तेजी से फैलते हुए उनके मकान तक पहुंच गई, जहां रखा तीन ट्रॉली भूसा जल गया। आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और फायर ब्रिगेड की देरी से नुकसान और बढ़ गया। आईसीएआर की सेटेलाइट रिपोर्ट के अनुसार जिले में अब तक 2090 नरवाई जलने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इनमें सिवनी मालवा में 1463, डोलरिया में 417, बनखेड़ी में 259, नर्मदापुरम में 80, इटारसी में 64 और माखननगर में 7 प्रकरण सामने आए हैं। यह आंकड़े प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय बने हुए हैं। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। लगातार जागरूकता के बावजूद नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। सिवनी मालवा में 5.46 लाख रुपये जुर्माना और 2 प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई। बनखेड़ी के ग्राम कामती व कोंडापडरई में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई। परसवाड़ा, बहरावन, माल्हनवाड़ा और पथकुही में 13 लोगों से 37500 रुपये जुर्माना वसूला गया। पिपरिया के तरौनकलां और सिंगनामा में 2 लोगों पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे नरवाई न जलाएं, क्योंकि इससे मिट्टी की उर्वरता कम होती है, पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है और आग फैलने से जान-माल का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही भविष्य में और सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

किसान सुरेन्द्र राजपूत ने बताया कि हर जिम्मेदार किसान अपने खेत की नरवाई को जलाना नहीं चाहता, लेकिन जब दूर से आग आती है तो वह अपने खेतों को भी नहीं बचा पाता। इससे कीमती वृक्ष और जमीन में रहने वाले जीव-जंतु नष्ट हो जाते हैं तथा धन हानि और जनहानि की स्थिति बनती है। उन्होंने बताया कि प्रशासन के पास भी पर्याप्त साधन नहीं हैं, जिससे आगजनी की घटनाएं रोकी जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि किसान आर्थिक मंदी से गुजर रहा है। गेहूं खरीदी में देरी के कारण पैसों की कमी सामने आ रही है। लागत कम करने के चक्कर में कुछ किसान आग लगा देते हैं। नहर में पानी 27 तारीख से छोड़ा गया है, लेकिन होशंगाबाद के किसानों को 5 तारीख से पानी देने की बात कही जा रही है। इससे मूंग की बोनी लेट होगी और उत्पादन घटेगा, जिससे अगली फसल पर भी असर पड़ने की संभावना है और किसान कर्ज में दब सकता है।

## सचिवों की हड़ताल से पंचायतों के काम प्रभावित

**अनोखा तीर, मसनगांव।** सचिवों की हड़ताल के कारण क्षेत्र की अधिकांश पंचायतों में ग्रामीणों के काम प्रभावित हो रहे हैं। पिछले दो दिनों से सचिवों के काम पर नहीं आने से कुछ पंचायतों में ताले लटके हुए हैं, जबकि कुछ में सरपंच और सहायक सचिव द्वारा पंचायत के ताले खोले जा रहे हैं। मार्च का अंतिम सप्ताह होने से गांवों में टैक्स वसूली जैसे कार्यों पर भी विराम लगा हुआ है। पंचायत स्तर पर होने वाले कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकानों का जियोटेक निर्माण कार्य, समग्र आईडी, पेंशन स्वीकृति, संबल योजना पंजीयन, राशन पर्ची, हितग्राही मूलक योजनाएं, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र आदि शामिल हैं। ये अधिकांश कार्य सचिव की आईडी से संचालित होते हैं, जिससे ग्रामीणों को अपने कार्यों के लिए परेशान होना पड़ रहा है।




### ग्रेवल मार्ग और मुरम कार्यों पर रोक

ग्राम पंचायत में ग्रेवल मार्ग और मुरम कार्यों पर रोक लगी होने से खेतों तक जाने वाले रास्तों की स्थिति खराब बनी हुई है। कई जगह किसान अपने खर्च पर मुरम डालकर रास्ते सुधार रहे हैं। गांव की सड़कों की हालत भी खराब है, लेकिन फंड के अभाव में पंचायत मरम्मत कार्य नहीं करा पा रही है। नाली निर्माण के लिए भी राशि मिलने का इंतजार किया जा रहा है। पंचायत सचिव नंदलाल बघेल ने बताया कि चार माह पहले मुक्तिधाम का कायाकल्प कराया गया था, लेकिन उसकी राशि अब तक प्राप्त नहीं हुई। कुछ स्थानों पर नालियां भी बनाई गईं, जिनका भुगतान अटका हुआ है। गांव की जर्जर सड़कों के लिए जिला पंचायत से बजट की मांग की गई है। राशि स्वीकृत होने पर सीसी सड़क का पुनर्निर्माण कराया जाएगा।

### डेढ़ साल से नहीं मिली पांचवें वित्त की राशि

ग्राम पंचायतों को ऊपरी खर्च के लिए मिलने वाली पांचवें वित्त की राशि पिछले डेढ़ साल से नहीं मिल पाई है, जिससे छोटे-छोटे कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। अधिकांश पंचायतें 15वें वित्त की राशि पर निर्भर हैं, जो जनसंख्या के आधार पर मिलती है और टाइड व अनटाइड मदों में उपयोग की जाती है। स्टेशनरी जैसे खर्चों के लिए मुख्य रूप से पांचवें वित्त की राशि का उपयोग होता है, लेकिन इसके अभाव में पंचायतों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम में छह माह पहले मुक्तिधाम में लगभग 4 लाख रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य किया गया, वहीं नाली निर्माण सहित अन्य कार्यों की राशि अब तक प्राप्त नहीं हुई है, जिससे पंचायत पर देनदारियां बनी हुई हैं। इस संबंध में पंचायत सचिव नंदलाल बघेल ने बताया कि पांचवें वित्त और स्टांप शुल्क की राशि पिछले डेढ़ साल से नहीं मिली है, जिससे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं वीड पंचायत के सचिव दिनेश पंचोली ने बताया कि प्रदेश स्तर पर पंचायत पोर्टल से ऑनलाइन कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण कुछ पंचायतों के भुगतान अटके हुए हैं।

**हनुमान प्राकट्य उत्सव आज**

## मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना व भंडारे का आयोजन

**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम सहित आसपास के समस्त हनुमान मंदिरों एवं राम मंदिरों में गुरुवार को हनुमान प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ भंडारे आयोजित किए जाएंगे। ग्राम के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में बुधवार से ही 24 घंटे की अखंड पारायण भक्तों द्वारा प्रारंभ की गई, जिसका समापन गुरुवार प्रातः होगा। इसके पश्चात हनुमान जी को विशेष चोला चढ़ाकर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में खेड़ापति हनुमान मंदिर, राम मंदिर, माहेश्वरी समाज मंदिर, कुयली वाले हनुमान मंदिर, माली समाज राम मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों में भी प्रातःकाल विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। भक्तजन हनुमान जी को चोला अर्पित कर प्रसादी का वितरण करेंगे। पूरे क्षेत्र में उत्सव को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और मंदिरों में सजावट व तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



## कलेक्टर परिसर हरदा में धारा 163 लागू

**-ज्ञापन के लिए 5 से अधिक लोगों के प्रवेश पर पाबंदी**

**अनोखा तीर, हरदा।**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में सुरक्षा, शांति व्यवस्था और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश अनुसार किसी भी संगठन या समूह को ज्ञापन सौंपने के लिए अब पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। आवेदन में आयोजक के साथ अधिकतम 5 व्यक्तियों के नाम, पते और मोबाइल नंबर का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। तय समय से केवल 30 मिनट तक का विलंब स्वीकार किया जा सकेगा, किन्तु उससे अधिक विलंब स्वीकार नहीं होगा। सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमत अधिकतम 5 व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। जारी आदेश अनुसार कोई व्यक्ति या संगठन पुलिस को पूर्व सूचना किये बिना तथा सक्षम अधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना कोई सभा, जुलूस या वाहन रैली का आयोजन नहीं करेगा। कोभी व्यक्ति या संगठन या समूह कार्यालय कलेक्टर परिसर में लाठी डंडा पत्थर या किसी प्रकार का घातक अथवा ज्वलनशील पदार्थ या अन्य शस्त्रों का संग्रह नहीं कर सकेगा। कोई व्यक्ति बारूद या पटाखों, पेट्रोल ज्वलनशील पदार्थों को लेकर कलेक्टर परिसर में प्रवेश नहीं करेगा। जारी आदेश अनुसार कार्यालय कलेक्टर अंतर्गत सम्पूर्ण परिसर में व्यवसायिक वाहनों के आवागमन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आएगा।

**शा. उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन**

## विद्यार्थियों को मिलीं साइकिल और पुस्तकें

**अनोखा तीर, हरदा।**

स्कूल चलें अभियान' के तहत बुधवार को स्थानीय डॉ. बी.आर. अम्बेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गेहलोत मुख्य अतिथि के रूप में तथा राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की ओआईएस श्रीमती वीणा वारसने विशिष्ट शिक्षक के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी डीएस रघुवंशी ने जिले का वार्षिक शिक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा नवागत विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें और साइकिलें वितरित कीं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री गेहलोत ने इस अवसर पर अपने संबोधन में विद्यार्थियों को नियमित स्कूल आने और कड़ी मेहनत कर जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का मूल आधार है, विद्यार्थी पूरे मनोयोग से पढ़ाई करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। कार्यक्रम में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना और शिक्षा के प्रति शासन की योजनाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, एडीपीसी ओएस महाजन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, शिक्षकगण, पालकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक नितिन सोनी ने किया एवं अंत में आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य संतोष यादव ने किया।





### बादलों ने बढ़ाई किसानों की चिंता



**अनोखा तीर, मसनगांव।** एक बार फिर क्षेत्र में खराब मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बुधवार शाम को छाए काले बादलों से बारिश की आशंका बन गई। पिछले आठ दिनों से मौसम में हो रहे परिवर्तन के कारण बादल छाने और बूंदाबांदी होने से खलिहान में पड़ी उपज को भीगने से बचाने के लिए तिरपाल से ढकना पड़ रहा है। खराब मौसम के कारण खेत-खलिहान में रखे सामान को भी अंदर करना पड़ रहा है। इस समय गेहूं, चना, सरसों आदि की कटाई के बाद मक्का फसल की कटाई शुरू होने वाली है। ऐसे में मौसम खराब होने से किसानों को खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। ग्राम के किसान मुकेश पाटिल ने बताया कि मक्का की कटाई 8-10 दिनों में लगने वाली है, लेकिन मौसम खराब होने से शाम के समय गहरे बादलों से बारिश की आशंका बनी रहती है। इसके चलते खलिहान में पड़ी उपज को ढककर रखना पड़ रहा है, वहीं भूसा-सरवा आदि के ढेरों को भी सुरक्षित रखने के लिए तिरपाल से ढककर बचाव किया जा रहा है। मौसम में बदलाव का असर खेतों में खड़ी फसलों पर भी दिखाई दे रहा है। मूंग की फसल में किसान बीमारियों से बचाव के लिए दवाइयों का छिड़काव कर रहे हैं। किसान किर्तन रायखेरे ने बताया कि इस प्रकार के मौसम से मूंग की फसल में बीमारियों का प्रकोप हो सकता है। जिन खेतों में मूंग की फसल है, वहां लगातार निगरानी कर फसल की सुरक्षा की जा रही है। लेकिन मौसम में हो रहे बदलाव के चलते जिन खेतों में मूंग फसल में पानी चल रहा है, वहां यदि बेमौसम बारिश होती है तो फसल प्रभावित हो सकती है। इसके लिए किसान मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं।